खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 25°C

लखनऊ, रविवार 17 अगस्त 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 286 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 | 22 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा, लिखा- चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइए हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब. ..साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा, तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है कि मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब.. साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक मिनट लंबा वीडियो है। एक व्यक्ति जब वोट चोरी की रिपोर्ट लिखाने आता है, तो इंस्पेक्टर चौंक कर उठ जाता है। व्यक्ति कहता है कि मेरा वोट नहीं बल्कि लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 12 अगस्त को कहा था कि केवल एक सीट नहीं बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है। यह नेशनल लेवल पर सिस्टमेटिकली किया जा रहा है। बिहार की अपडेट हुई वोटर लिस्ट में 124 साल की 'फर्स्ट टाइम' वोटर मिंता देवी के सवाल पर राहुल ने कहा कि हां, मैंने उसके बारे में सुना है। ऐसे एक नहीं, अनलिमिटेड केसेस हैं। पिक्चर अभी बाकी है।

## उप राष्ट्रपति चुनाव: NDA का उम्मीदवार आज फाइनल होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- 21 अगस्त को नामांकन भाजपा की तरफ से थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए कैंडिडेट के नाम पर 17 अगस्त को मुहर लगेगी।

एक न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक रविवार शाम 6 बजे होगी, इसमें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम फाइनल किया जा सकता है। यह कैंडिडेट 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेगा। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उधर विपक्षी गठबंधन के नेता भी उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इंडिया ब्लॉक लीडर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं।

## जेल अधीक्षक पर हमले के मामले में बरी व्यक्ति जेल में मृत मिला

**नई दिल्ली।** राजधानी की तिहाड़ जेल के एक अधिकारी पर हमले से जुड़े एक मामले में दिल्ली की तीस हजारी अदालत द्वारा हाल ही में बरी किए गए एक व्यक्ति का शव मंडोली जेल के अंदर रहस्यमय परिस्थितियों में पाया गया है। मृतक की पहचान सलमान त्यागी के रूप में हुई है। वह शुक्रवार को अपने सेल में लटका हुआ पाया गया था। जेल अधिकारियों ने इसे आत्महत्या का मामला बताया है जबकि उसके परिवार ने इस मामले में साजिश का आरोप लगाया है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए हैं। त्यागी की मौत तीस हजारी अदालत द्वारा आईपीसी की धारा 186 और 353 के तहत आरोपों से बरी किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। उस पर एक लोक सेवक के काम में बाधा डालने और हमला करने को लेकर मामला दर्ज था।

## 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च पर हंगामा

**कोलकाता।** कोलकाता में शनिवार को फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान हंगामा हो गया। कार्यक्रम एक निजी होटल में रखा गया था। फिल्म के डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में रुकावट डाली गई और ट्रेलर लॉन्च रोक दिया गया। हम ट्रेलर न दिखा पाएं इसके लिए पुलिस आई थी। बंगाल में कुछ लोगों की राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## टैक्स प्राधिकरण के समन का पालन करना जरूरी: SC

**नई दिल्ली।** किसी करदाता को केंद्रीय या राज्य कर प्राधिकरण की ओर से जारी किए गए समन का पालन करना होगा और कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। आयकर अधिनियम 1961 के तहत करदाता का मलब किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्था से है, जिस पर अधिनियम के तहत तय कर का भुगतान करने या किसी अन्य वित्तीय प्रतिबद्धताओं का कानूनी दायित्व है।

## तमिलनाडु के मंत्री पेरियासामी के ठिकानों पर ED के छापे

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने कथित धनशोधन के मामले में सत्तारुढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं तमिलनाडु के ग्रामीण विकास मंत्री आई पेरियासामी के डिडीगुल जिले में स्थित ठिकानों पर छापे मारे।

## पुतिन संग ट्रम्प की तीन घंटे चली बैठक, बेनतीजा

### दोनों नेताओं के बीच नहीं हुई कोई डील, 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना

वाशिंगटन, वार्ता



- पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया
- ट्रम्प ने बैठक को 10 में से 10 अंक दिए
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा: उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी

**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मास्को में करने का सुझाव दिया। अपनी बात कहने के बाद दोनों नेता मंच से तुरंत चले गए। वहीं, जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि उनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से डेढ़ घंटे बातचीत हुई। जेलेंस्की 18 अगस्त को वाशिंगटन डीसी जाकर ट्रम्प से मुलाकात करेंगे। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पूरी ताकत से शांति स्थापित करने के लिए तैयार है।

### भारत ने कहा: बातचीत से ही समाधान संभव



**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में शिखर बैठक के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम से संबंधित बातचीत में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि केवल संवाद और कूटनीति से ही समाधान संभव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह जायसवाल ने शनिवार को कहा कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में प्रगति से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता केवल संवाद और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का शीघ्र अंत देखना चाहती है।

## किश्तवाड़ हादसा: 65 शव बरामद, 40 की हुई पहचान

### 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए, 200 अभी भी लापता

श्रीनगर, वार्ता

- घायलों की संख्या 180, 40 की हालत गंभीर
- सीएम उमर अब्दुल्ला पीड़ितों से मिले



**जम्मू-कश्मीर में** किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## मुंबई में बारिश का रेड अलर्ट लैंडस्लाइड में दो लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** मुंबई में शुक्रवार रात से तेज बारिश जारी है। विक्रोली इलाके में रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक 213 एमएम बारिश हुई। यहां जनकल्याण सोसाइटी के वर्षा गर इलाके में लैंडस्लाइड की वजह से दो लोगों की मौत हो गई और दो घायल हैं। शनिवार को भी मुंबई समेत महाराष्ट्र के छह जिलों में तेज बारिश का रेड अलर्ट है। हार्बर लाइन पर रेलवे ट्रैक पानी में डूबा है। सायन, वाशी, नवी मुंबई समेत कई इलाकों में करीब चार फीट तक पानी भर गया। प्रशासन ने जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने को कहा है। दिल्ली में यमुना का जलस्तर 204.65 मीटर पहुंच गया, यह खतरे के निशान से ऊपर है। वहीं, बिहार के सीमांचल और पूर्वी जिलों में बाढ़ के हालात हैं। भागलपुर जिले में 6 लाख लोग इससे प्रभावित हैं। गंगा-कोसी का जलस्तर बढ़ने से फरक्का बैराज के सभी 109 गेट खोले गए। हालांकि, राज्य में सामान्य से कम बारिश हुई है। अब तक 647 एमएम सामान्य बारिश के मुकाबले सिर्फ 492 एमएम बारिश हुई है।




## NCERT सिलेबस का नया कंटेंट बना भारत विभाजन

### कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, कंटेंट रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

- मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया



**एनसीईआरटी ने** क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लार्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं, जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा। मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को -**शेष पृष्ठ दो पर**

### कांग्रेस ने कहा: हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कराया विभाजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश विभाजन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित 'विभाजन के दोषी' शीर्षक मॉडयूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश के बंटवारे के लिए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की 'जुगलबंदी' जिम्मेदार है और इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में एनसीईआरटी के -**शेष पृष्ठ दो पर**

**कार्यालय जिला पंचायत, सम्भल (बहजोई)**

पत्रांक 646/ जि.पं.स./मानचित्र / पं.रा.वि./2025-26 दिनांक: 11/08/2025

स्वतंत्रता दिवस-2025 की हार्दिक शुभकामनाएँ

: अपील :

जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस 2025 की हार्दिक शुभकामनाऐं देते हुए जिला पंचायत, सम्भल सर्वसाधारण से अपील करती है कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों (विनियमित क्षेत्र को छोड़कर) में निजी आवासों, प्लाटिंग, समस्त प्रकार के व्यवसायिक, औद्योगिक, शिक्षण संस्थान, फार्म हाउस, ग्रुप हाउसिंग, दुकानों, मार्केट इत्यादि के निर्माण से पूर्व जिला पंचायत, सम्भल से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये प्लाटिंग / निर्माण कराया जाता है. तो उसे अवैध मानते हुए सम्बन्धित के विरुद्ध जिला पंचायत, सम्भल द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी, असुविधाओं से बचने के लिए मानचित्र स्वीकृत कराने के उपरान्त ही प्लाटिंग/निर्माण कार्य करायें। साथ ही जनपद सम्भल के ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय करने वाले व्यवसाईयों से अनुरोध है कि जिला पंचायत, सम्भल के देयकों (विभव एवं सम्पत्ति कर/लाईसेन्स शुल्क, किराया आदि) का समय से भुगतान करें।

सक्षम अधिकारी
जिला पंचायत, सम्भल




**मिरगी**

घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण

- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता

मार्शल चिकित्सा केन्द्र

निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच सिम्पसन का निधन

**मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक प्रभावशाली व्यक्ति सिम्पसन ने अपने देश के लिए 62 टेस्ट खेले और टीम के पहले पूर्णकालिक कोच के रूप में, एलन बॉर्डर और मार्क टेलर के कप्तानी कार्यकाल के दौरान 1980 और 1990 के दशक के अंत में टीम को उभरने में मदद की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा कि बॉब सिम्पसन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक थे और यह उन सभी के लिए दुखद दिन है, जिन्होंने उन्हें खेलते हुए देखा है या जिन्होंने उनके कोचिंग कार्यकाल के दौरान उनसे कुछ सीखा है।

### जीएसटी को सरल बनाने पर हो चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निजी निवेश और निजी खपत कमजोर रहने से अर्थव्यवस्था की गति तेज नहीं हो सकती, इसलिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार कर उसे सरल तथा सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम (एसएमएसई) के अनुरूप बनाया जाना चाहिए, इसलिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य में कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जीएसटी में सुधार उनके घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है और आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाल किला की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए इसकी याद आयी। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। पिछले डेढ़ साल से भी अधिक समय से कांग्रेस बुनियादी रूप से परिवर्तित जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है।

# मातृ शक्ति को सम्मान दे रही डबल इंजन सरकार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा की पीएम मोदी की प्रेरणा से कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी छात्रावासों का निर्माण करवा रही है। ये छात्रावास महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान को लेकर यूपी सरकार कदम उठा रही है। कई तरह के रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। योगी ने कहा कि अवंतीबाई लोधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने भारत की आज़ादी के लिए उस समय की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए नेतृत्व किया था। उनका बलिदान हर भारतवासी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में एक



**महिलाओं के लिए बनवा रहे श्रमजीवी छात्रावास**

नई महिला पीएसी बटालियन का गठन किया है। एक प्रतिमा की स्थापना भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए केंद्र की बीजेपी सरकार और राज्य सरकार मिलकर काम कर रहे हैं। तीन नई महिला बटालियन का गठन वीरांगनाओं के नाम पर किया गया है। कार्यक्रम में शरीक होने से पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि स्वाधीनता संग्राम सेनानी, साहस व शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने लिखा-आपका क्रांतिकारी संघर्ष, मातृभूमि के प्रति निष्ठा एवं बलिदान हमारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

### राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे अटल: सीएम

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल वाकई में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लोकभवन में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। इस दौरान योगी ने पूर्व पीएम को याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धेय अटल जी की छह दशकों की राजनीतिक यात्रा पूरी भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देती है। योगी ने कहा कि उनकी पावन स्मृतियों को नमन। जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, राष्ट्रधर्म के निर्भीक प्रहरी, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि वे भारतीय राजनीति में शुचिता के शिल्पकार, संवाद में सौम्यता तथा संयम के स्वर, राष्ट्रनीति में नैतिकता और राष्ट्रधर्म के ध्वजवाहक थे। श्रद्धेय अटल जी सच्चे अर्थों में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। गौरतलब है कि इससे पहले उन्होंने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

# कांग्रेस ने भाजपा को मतदाता संघ व उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को मतदाता सूची, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जब-जब यात्रा शुरू की लोकतंत्र ने करवट ली है और इस बार बिहार में वोटर अधिकार यात्रा शुरू की जा रही है, इसलिए वहां बदलाव आएगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने मतदाता सूची मामले में भाजपा को घेरते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) का नाम लेने पर, उपराष्ट्रपति चुनाव और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के



गायब होने को लेकर भी घेरा। खेड़ा ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि गांधी की वोटर अधिकार यात्रा रविवार से बिहार की सासाराम में शुरू हो रही है, जो 16 दिन में 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उनका कहना था कि यह बिहार में परिवर्तन की यात्रा होगी। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया और यह यात्रा बिहार में बदलाव लाने वाली यात्रा साबित होगी। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी जी यात्रा के लिए निकले हैं, इस देश के लोकतंत्र ने करवट ली है।

# गणशेखरन ने जीता डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने पुरुष एकल का खिताब

**विएंतियाने।** भारत के सत्यन गणशेखरन ने डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने 2025 टेबल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुक. ाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता।

लाओस के आईटीईसीसी मॉल में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने फाइनल में जापान के विश्व नंबर 95 रयोइची योशियामा को 3-0 (11-4, 11-6, 12-10) से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 25 मिनट तक चला। टूर्नामेंट की शुरुआत में दूसरे वरीयता प्राप्त जी- सत्यन ने पहले राउंड में लाओस के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी अनाने वोंगसा को 3-0 (11-5, 11-4, 11-7) से हराया। इसके बाद उन्होंने सिंगा. पुर के ली एल्सवर्थ को 3-1 (3-11, 11-2, 11-7, 11-7) और हमवतन अक्ष पॉल को कड़े मुकाबले में 3-2 (11-9, 11-4, 4-11, 10-12, 11-8) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में सत्यन ने हांगकांग के क्वान टो यिउ को 3-0 (11-3, 11-5, 12-10) से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने प्री-क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के यिक मैन पाउ और चुन कित चोय को 3-2 (14-12, 10-21, 11-5, 6-11, 11-6) से हराया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने सऊदी अरब के ओलंपियन अली अलखद्रावी और अब्दुलअजीज बु शुलैबी को 3-2 (8-11, 11-9, 11-5, 8-11, 11-7) से मात दी। वहीं सेमीफाइनल में उन्हें हांगकांग के मैन हो क्वान और हॉन मिंग ली को मात दी।

## यूपी के 20 जिलों में बाढ़: फर्रुखाबाद में गर्भवती ने नाव पर तोड़ा दम

# बाढ़ का पानी गांवों में घुसा, आमजन बेहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में गंगा और यमुना समेत कई नदियों के उफान से 20 जिलों में हालात खराब हो गए हैं। कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं और बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया है। फर्रुखाबाद जिले में बाढ़ से 3 तहसीलों के करीब 50 गांव प्रभावित हैं. यहां एनडीआरएफ और फ्लैट पीएससी की टीमें तैनात हैं। प्रशासन लगातार जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ में कई बीघा फसल डूब चुकी हैं, आम जनजीवन बेहाल है। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में बाढ़ का प्रकोप जारी है। बीते दिन एक मंदिर शारदा नदी के कटाव में समा गया।



पीलीभीत की देवहा नदी में 51000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी उफान पर है। निचले इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव के मामले बीच सामने आ रहे हैं। नदी में लगातार बढ़ता जलस्तर देखकर प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड पर हैं। निचले इलाकों में जाकर लोगों को अनाउंसमेंट कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सतर्क रहने के साथ-साथ ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। दरअसल पीलीभीत शहर के करीब से होकर गुजरने वाली देवहा नदी में 40000 क्यूसेक से ऊपर पानी जब भी छोड़ जाता है, तब यह नदी उफान पर आ जाती है। पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में बहने वाली शारदा नदी में भी पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर देखा जा रहा है। इस नदी में भी 2 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है, जिसके कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी ने कटान कर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी किनारे बसे राहुल नगर कबीरगंज समेत कई गांव के लोग लगातार हो रहे कटान को देखकर भयभीत हैं।

### आज वेस्ट यूपी में भारी वर्षा की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ केंद्र ने आज रविवार 17 अगस्त के लिए राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित रहें और वज्रपात की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, हापुड़ और रामपुर के आसपास के इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं और ललितपुर के आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 80539.91
निफ्टी 24619.35
सोना रु. 100023 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 114933 प्रति किलो

# भारत को अमेरिका के जवाब में करने चाहिए बाजार विविधीकरण के समझौते: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि भारत को हिंद महासागर तटीय एसोसिएशन के देशों के साथ अपनी मजबूत पहल पर आधारित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का साहिक कदम उठाना चाहिए और 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी' (आरसीईपी) तथा 'प्रशांतपारीय भागीदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते' (सीपीटीपीपी) जैसे प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार समूहों की सदस्यता प्राप्त करनी चाहिए।

विश्लेषकों की राय है कि इससे न केवल भारत का व्यापारिक दायरा बढ़ेगा, बल्कि ष्रणनीतिक स्वायत्तताष के प्रति देश की स्पष्ट प्रतिबद्धता का भी संदेश जाएगा, जिससे भारत अपनी शर्तों पर बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा। यह विचार ऐसे समय में आया है, जब

**भारत अपनी शर्तों पर बदलते भूराजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा**

भारत पर अमेरिका ने सात अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूसी तेल खरीदने के कारण 27 अगस्त से प्रभावी 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन में शांति के मुद्दे पर बैठक की। ट्रम्प ने बातचीत से पहले कहा कि उन्होंने (रूस ने) अपने तेल ग्राहक भारत को खो दिया है, जो (उसका) 40 प्रतिशत तेल खरीद रहा था। चीन (अब भी) बहुत अधिक खरीद कर रहा है। अगर मैंने (भारत पर) पहले के बाद दूसरा शुल्क लगाया तो यह विनाशकारी होगा, लेकिन यदि मुझे लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, शायद मुझे लगाना ही न पड़े। भारत के पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत के बीच अमेरिकी शुल्कों को 'पूरी तरह अनुचित, बेतुके और अतार्किक' बताया। रूसी तेल का बहाना बिल्कुल चलने लायक नहीं है। यूरोपीय संघ, चीन और यहां तक कि अमेरिका भी रूसी युद्ध मशीनरी में धन का ईंधन डाल रहे हैं। अपने हित के लिए ये सभी देश रूस से गैस और दुर्लभ मृदाओं का आयात बढ़ा रहे हैं। रूसी कच्चे तेल के व्यापार पर 'प्रतिबंध नहीं है', केवल कीमतों पर अधिकतम सीमा लगाई गई है और अमेरिका ने बार-बार स्वीकार किया है कि भारत की खरीद ने वैश्विक तेल बाजारों को स्थिर करने में मदद की है, साथ ही यूरोप और अमे. रिका को परिष्कृत उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है।

### इस सप्ताह 919 सस्ता हुआ सोना चांदी की कीमत 201 बढ़ी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने के दाम में गिरावट रही, जबकि चांदी महंगी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस हफ्ते के कारोबार के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 919 रुपए घटकर 1,00,023 रुपए पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को यह 1,00,942 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत हफ्तेभर में 201 रुपए बढ़कर 1,14,933 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। आबुजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 74 रुपए कम होकर 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत शनिवार को 342 रुपए कम होकर 1,14,933 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही।

# यूपी में सालाना फास्टैग की सुविधा शुरू 3000 देकर 200 बार पार कर सकेंगे टोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया, तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी।

टोलप्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया। लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं। इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं। कमोबेश इतने ही इन श्रेणियों के निजी वाहन कानपुर -प्रयागराज राजमार्ग, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-लखनऊ राजमार्ग से निकलते हैं। चेचिस



नंबर से फास्टैग बनवाने वालों को गाड़ी नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिनमें यह नंबर नहीं है, उन्हें वार्षिक फास्टैग की सुविधा नहीं मिलेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि निजी वाहन मालिक राजमार्ग यात्र एप से अभी वार्षिक फास्टैग की प्री बुकिंग करा सकेंगे। उनके फास्टैग 15 अगस्त को रात 12 बजते ही एक्टिवेट हो गया। एक बार टोल प्लाजा क्रॉस करते ही वाहन मालिक के पास इसका मैसेज और शेष सुविधा की जानकारी एसएमएस से मिल जाएगी। वार्षिक फास्टैग निजी वाहन की विंड शील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### NCERT सिलेबस

तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटीके स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है, जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था। स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे। हाल ही में एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**कांग्रेस ने कहा:**

14 अगस्त को जारी उस मॉड्यूल पर कहा कि इसमें 1938 की तारीख का जिक्र है या नहीं है। बंटवारे के इतिहास में 1938 बहुत महत्वपूर्ण तारीख है। इस वर्ष गुजरात में साबरमती के किनारे हिंदू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, जिसमें ये स्पष्ट तौर से कहा गया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि 1940, क्या यह है मॉड्यूल में। 1940 में इस जुगलबंदी को आगे बढ़ते हुए मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने यही बात दोहराई थी। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं, 'इसमें) 1942 की भी ये तारीख भी नहीं लिखी होगी, जब हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की मिल. ीजुली सरकार बनी थी। उस समय कांग्रेस ने तमाम प्रांतीय विधानसभाओं से इस्तीफा देकर सड़क पर उतरने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। उस वक्त हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने गठजोड़ किया, गठबंधन किया, सरकारें बनाई एनडब्ल्यूएफपी में, बंगाल में, सिंध में और सिध की विधानसभा में विभाजन का प्रस्ताव पारित हुआ था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय गठबंधन की सरकार थी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की थी।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale










वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# स्वतंत्रता दिवस का उत्सव, लहराया तिरंगा, गूंजे देशभक्ति के गीत

### विधानसभा भवन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया ध्वजारोहण, राजधानी और आसपास के जनपदों में छाया देशभक्ति का रंग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस का अमृत पर्व राजधानी लखनऊ और आसपास के जनपदों में शुक्रवार को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही आसमान पर बादल छाए रहे, कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई,

लेकिन कार्यक्रमों का उत्साह तनिक भी कम नहीं हुआ। जगह-जगह सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों, राजनीतिक दलों के मुख्यालयों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराया गया। पूरी राजधानी और आसपास के शहरों ने आज़ादी की इस गौरवगाथा को विशेष सजावट और देशभक्ति के रंग में सराबोर होकर याद किया। राजधानी के विधानसभा भवन के सामने विशेष पंडाल सजाया गया था, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन किया। जनेश्वर मिश्र पार्क, अंबेडकर पार्क, गोमती तट, ऐतिहासिक इमारतें और प्रमुख चौराहे रोशनी और सजावट से जगमगा उठे। पूर्व संध्या पर ही राजधानी को दुल्हन की तरह सजाया गया था। शैक्षणिक और चिकित्सीय संस्थानों में भी राष्ट्रीय पर्व का उल्लास झलका। लखनऊ विश्वविद्यालय, बीबीएयू, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय और राजधानी के अन्य कॉलेजों व विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने नृत्य, गीत और नाटिकाओं के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। सरकारी अस्पतालों और संस्थानों में भी ध्वजारोहण कर कर्मचारियों ने आज़ादी का जश्न मनाया। राजनी. तिक दलों के कार्यालयों पर भी ध्वजारोहण और देशभक्ति कार्यक्रम हुए। समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालयों पर नेताओं ने तिरंगा फहराकर कार्यकर्ताओं के साथ मिठाइयां बांटीं और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। जगह-जगह वीर शहीदों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गांवों से लेकर शहर तक स्वतंत्रता दिवस का उत्सव जन-जन के बीच पहुंचा।

हल्की बारिश के बावजूद कहीं भी कार्यक्रम बाधित नहीं हुए। सुबह से लेकर देर शाम तक देशभक्ति के गीत गूंजते रहे और आसमान पर लहराता तिरंगा हर किसी के मन में स्वतंत्रता के प्रति गौरव और कृतज्ञता का भाव भरता रहा। लखनऊ और आसपास के जनपदों ने एक बार फिर साबित किया कि स्वतंत्रता दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि भारतीय जनमानस की अस्मिता और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

# भाजपा ने देश को संकट में डाला : अखिलेश

## लोकतंत्र बचाने को मजबूत करना होगा पीडीए





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी बड़ी कुर्बानियों के बाद मिली है, लेकिन भाजपा ने देश को संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत पर अपना नॉनवेज दूध थोपना चाहता है और भाजपा सरकार उसके दबाव में काम कर रही है।

अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री केवल नकलची हैं और प्रधानमंत्री की बातें दुहराते हैं। भाजपा राज में पढ़ाई पर पाबंदी और समाजवादी कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे हो रहे हैं।

उन्होंने तंज कसा कि मुख्यमंत्री को सेमीकंडक्टर का मतलब भी नहीं पता, विकास के नाम पर प्रदेश पीछे चला गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार और जमीन कब्जाने में लगी है तथा धर्म-जाति की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने का रास्ता सिर्फ वोट से है और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान की रक्षा के लिए भाजपा को हटाना होगा। अखिलेश ने पीडीए की मजबूती को भाजपा सरकार के लिए चुनौती बताया और कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में छात्र-नौजवान, किसान, व्यापारी और आम जनता खुशहाल होगी तथा आरक्षण से रोजगार के अवसर मिलेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, ओमप्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्र, पूर्व सांसद अरविन्द सिंह, विधायक कमाल अख्तर, सचिन यादव, अनिल प्रधान, हिमांशु यादव, आशु मलिक, अताउर्रहान, शहजिल इस्लाम, संदीप पटेल, डॉ. मान सिंह, जाहिद बेग सहित अनेक नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**सीतापुर।** आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को पूरे जिले में धूमधाम से मनाया गया। सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय और संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। बाजार वहां के साथ राष्ट्रगान गाया गया। पूरे जिले में शान से तिरंगा फहराता रहा। स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी कार्यालय पर जिला. धिकारी अभिषेक आनंद ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राष्ट्रगान गाया गया। जिलाधिकारी ने आजादी के संघर्ष को लेकर अपने विचार रखें। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों की परेड की सलामी भी ली। खैराबाद आईटीआई में खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया। एचआरए इंटर कॉलेज में प्रबंधक मोहम्मद जुबैर अंसारी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान प्रधानाचार्य अर्चना सिंह आदि कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा। कॉलेज में बच्चों ने सांस्ख्र तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। महमूदाबाद के अतुल मेमोरियल पाली क्लीनिक में डॉक्टर अमर सिंह ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत मिठाइयां बताकर स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाई गई।

# जन्माष्टमी उत्सवः भक्ति व उल्लास में डूबा लखनऊ

### मंदिरों में रौनक, घर-घर हुई सजावट, महिलाओं ने रखा उपवास और बच्चों को सजाया बालकृष्ण के रूप में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ और आसपास के जनपदों में रविवार को जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में रौनक बढ़ने लगी थी और घर-घर में विशेष सजावट की गई। महिलाओं ने उपवास रखकर भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। बाजारों में पूजा सामग्री और मिष्ठान की खरीदारी के लिए दिन भर भीड़ रही। बच्चों को ख्रष्ण-कन्हैया के रूप में सजाकर माताओं ने उनके रूप में भगवान के दर्शन किए। पूरा दिन भक्ति और उल्लास के वातावरण में डूबा रहा। राजधानी के बड़े मंदिरों, अलीगंज स्थित श्रीमहादेवनारायण मंदिर, इस्कॉन मंदिर, गोला गंज स्थित राधा-कृष्ण मंदिर और चौक के ऐतिहासिक मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं।

देर शाम से भजन-कीर्तन शुरू हुए जो आधी रात तक चलते रहे। आधी रात बारह बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ मंदिरों में घंटे-घड़ियाल गूंज उठे और श्रद्धालुओं ने 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' का उद्घोष किया। इस समय उपवास रखने वाली महिलाओं ने चरणामृत और दूध ग्रहण कर व्रत खोला। घरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन किया। जगह-जगह बाल रूप में कृष्ण की झांकियां सजाई गईं। राधा-कृष्ण की छवियों से मंदिर सजे, बिजली की रंगीन रोशनियों और फूलों से संवर कर पूजा स्थल आकर्षण का केंद्र बने रहे।

बच्चे माखन-चोरी और रासलीला के रूप में सजे दिखे। मोहल्लों और कालोनियों में सजाए गए मंचों पर भक्ति संगीत और नाटिकाओं का आयोजन हुआ। बाजारों में दिन भर रौनक रही। मिठाइयों की दुकानों पर भीड़ रही और दही-माखन की विशेष मांग देखी गई। देर रात तक श्रद्धालु मंदि. रों और झांकियों में दर्शन के लिए पहुंचते रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय, बीबीएयू और अन्य संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। प्रयागराज, कानपुर, सीतापुर, उन्नाव और बाराबंकी सहित आसपास के जनपदों में भी जन्माष्टमी का पर्व इसी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### जी. एन. इंटरनेशनल एकेडमी में रालोद महासचिव ने किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** गोविन्द विहार कॉलोनी, कमता, चिनहट स्थित जी. एन. इंटरनेशनल एकेडमी में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्ख्रतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो समारोह का मुख्य आकर्षण रहे। ध्वजारोहण का कार्य राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव श्री अनिल दुबे ने संपन्न किया। इस दौरान डॉ. ए. एन. सिंह, कोषागार निदेशक श्री विजयकुमार सिंह, डॉ. राजेंद्र सिंह, यशवंत सिंह, वंदना सिंह एवं पारुल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर सीएम योगी का नमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को राजधानी लखनऊ स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी कैबिनेट ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि छह दशक लंबा उनका राजनीतिक जीवन भारतीय राजनीति को नई दिशा देने वाला रहा। उन्होंने सत्ता और विपक्ष दोनों ही भूमिकाओं में राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए भारत की अस्मिता और लोकतांत्रिक मूल्यों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य , ब्रजेश पाठक केबिनेट के अन्य मंत्रीगण और लखन ऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद रही। ब्रजेश पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि वाजपेयी जी का व्यक्तित्व भारतीय राजनीति में एक आदर्श की तरह था, जिनसे सभी को सीख लेने की आवश्यकता है।

केशव प्रसाद मौर्य ने उन्हें भारतीय लोकतंत्र का सच्चा प्रहरी बताते हुए कहा कि उन्होंने सदैव विकास और राष्ट्रीय गौरव को प्राथमिकता दी। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें शहर का गौरव बताया। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी स्मरण किया कि वाजपेयी जी ने उत्तर प्रदेश की ही धरती से अपनी संसदीय यात्रा शुरू की थी। सन् उन्नीस सौ सत्तावन में वह बलरामपुर से पहली बार सांसद चुने गए और उसके बाद लखनऊ से लगातार पांच बार संसद में पहुंचकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका जीवन आज भी नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत है। लोक भवन में हुए इस मुख्य आयोजन के अलावा राजधानी और प्रदेशभर में अटल जी की पुण्यतिथि पर कई अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक सभाओं में उनके जीवन मूल्यों को याद किया गया।

### सैनिक स्कूल अमेठी में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**अमेठी।** 15 अगस्त 2025। सैनिक स्कूल अमेठी में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन अत्यंत गर्व और उत्साह के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल सतीवीर सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर भव्य परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और विविध सांस्ख्रतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में मुख्य अतिथि ने वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और छात्रों से अनुशासन, निष्ठा एवं देश सेवा के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया।

# लखनऊ में कांग्रेस ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

### अजय राय ने दिलाया संविधान रक्षा का संकल्प



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आज उनहत्तरवें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने परंपरागत ढंग से ध्वज फहराया और वंदे मातरम व ध्वज गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

समापन राष्ट्रगान और आज़ाद हिन्द ज़िंदाबाद, वंदे मातरम के नारों के बीच हुआ। ध्वजवाहक की भूमिका सेवादल के मुख्य संगठक डॉ. प्रमोद कुमार पाण्डेय ने निभाई। इस अवसर पर अजय राय ने गांधी, नेहरू और इंदिरा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अमीर हैदर, डॉ. लालती देवी, सुरेन्द्र शुक्ला, वीरेन्द्र मदान और शिव नारायण पाल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सेवानिवृत्त कर्मचारी के.पी. सिंह, अनिल शर्मा, अनंत राम उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार वर्मा, ख्रष्ण कुमार शुक्ला और रमेश चन्द्र बाजपेई को भी सम्मान प्रदान किया गया। अपने संबोधन में अजय राय ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को याद करते हुए कांग्रेसजनों से देश सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंद्रह अगस्त उन्नीस सौ सैंतालीस का वह दिन था जब देश ने लंबे संघर्ष और असंख्य बलिदानों के बाद स्वतंत्रता पाई।

उन्होंने कहा कि आज एक बार फिर संविधान और लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है, किंतु हमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि राहुल गांधी जैसे जननायक लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्षरत हैं। अजय राय ने युवाओं से विशेष आह्वान करते हुए कहा कि वे देश निर्माण में आगे आएं।

# यूपी में बाढ़ की विभिषका, लाखों लोग प्रभावित, अब संक्रामक रोगों का खतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** और आसपास के जिलों में गोमती, घाघरा और गंगा नदियों के उफान ने जबरदस्त तबाही मचा दी है। रायबरेली, सीता. पुर, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी और लखीमपुर सहित लखनऊ मंडल के सभी जिले बाढ़ की चपेट में हैं।

सैकड़ों गांव पूरी तरह जलमग्न हो चुके हैं, खेत-खलिहान डूब गए हैं और ग्रामीण जनजीवन ठप है। बिजली गुल है, सड़कों पर आवा. जाही बंद है और स्कूलों में ताले पड़ गए हैं। कई इलाकों में नाव की मांग हो रही है पर नावें समय पर नहीं पहुंच पा रहीं। ग्रामीणों का कहना है कि राहत सामग्री नाममात्र ही पहुंच रही है और रात के अंधेरे में मोमबत्तियों के सहारे दिन काटने पड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राख्रतिक आपदा की स्थिति में तुरंत नुकसान का आकलन कर किसानों को मुआवजा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन अधिकारी और जनप्रति. निधियों का कहना है कि जब तक पानी उतर नहीं जाता, सही आकलन संभव नहीं है। इस बीच सरकार ने दावा किया है कि अब तक अठारह सौ से अधिक गांवों में साढ़े छह लाख प्रभावित लोगों को सहायता दी गई है। लगभग चौंसठ हजार लोग आश्रय शिविरों में शरण लिए हुए हैं और लाखों पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। क्लोरीन टैबलेट और ओआरएस पैकेटों का वितरण भी किया जा रहा है, हालांकि गांवों से लगातार शिकायतें आ रही हैं कि अपेक्षित मदद तक नहीं मिल पा रही। घाघरा नदी में नेपाल से पानी आने के कारण सीतापुर, लखीमपुर और बाराबंकी जिलों में भारी कटान हुआ है। सीतापुर के अटौरा, कनरखी, शंकरपुरवा, बाबाकुटी और परमगोंडा जैसे गांवों में घर-आंगन ढह गए हैं और लोग तटबंधों पर शरण लिए हुए हैं। वहीं लखनऊ शहर में भी तीन घंटे की बारिश ने गोमती नगर सहित कई मोहल्लों को पांच फीट तक पानी में डुबो दिया। यह स्थिति स्मार्ट सिटी के नाले और ड्रेनेज व्यवस्था की पोल खोल रही है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में अब सबसे बड़ा खतरा संक्रामक रोगों का मंडरा रहा है। पशुओं में महामारी फैलने की आशंका है और मनुष्यों में बुखार-दस्त जैसी बीमारियों की शिकायतें बढ़ने लगी हैं। ऊपर से बर्ड फ्लू का खतरा अलग से नीम पर करेला चढ़ाने जैसा हो गया है। विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया है कि आंतरिक खींचतान में उलझी व्यवस्था पीड़ितों की सुध नहीं ले पा रही। राहत कार्यों में हजारों नावें और चिकित्सा दल लगाए गए हैं और मंत्रियों को जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पत्नी ने की नशे में धुत्त पति की गला दबाकर हत्या, गिरफ्तार

**लखनऊ।** इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के चांदन गांव में गुरुवार रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। मछरेहटा सीता. पुर निवासी मौजी लाल (पैंतीस) की उसकी पत्नी सरोजिनी देवी ने गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मौजी लाल चांदन गांव में किराये पर अपनी पत्नी और एक छोटी बेटी के साथ रह रहा था, जबकि उसके तीन बच्चे गांव में रहते थे। गुरुवार रात वह शराब पीकर घर आया और पत्नी से झगड़ने लगा। अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद रहता था। बताया गया कि मौजी को पत्नी पर शक था कि वह गांव के ही एक व्यक्ति से बात. चीत करती है।

# मायावती ने स्वतंत्रता दिवस पर दी शुभकामनाएं

## अमरीका द्वारा भारत विरोधी आर्थिक नीतियों की आलोचना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती ने देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके सुखमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में भारत को आर्थिक, सामा. जिक और राजनीतिक स्तर पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनसे निपटने के लिए सरकार को पूरी गंभीरता से प्रयास करने चाहिए।

मायावती ने अमरीका द्वारा हाल ही में भारत समेत कई देशों के विरुद्ध अपनाई गई व्यापार नीति और टैरिफ व्यवस्था की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमरीका की यह नीति भारत जैसे विकासशील देशों के लिए नुकसानदेह है और इसके कारण देश की अर्थव्यवस्था तथा जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इस पर रोक लगाने और भारतीय व्यापार व उद्योग को बचाने के लिए केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे। बसपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि देश को जातिवादी, धार्मिक, साम्प्रदायिक और आपसी तनाव से मुक्त कराना होगा। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि वे इन मसलों पर समन्वय स्थापित करें और देश को एकता व सद्भाव के रास्ते पर आगे ले जाने का काम करें। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि जब तक आर्थिक नीतियां और शासन-प्रशासन की दिशा आम जनता के हित में नहीं होगी, तब तक वास्तविक स्वतंत्रता का सपना अधूरा रहेगा। मायावती ने स्वतंत्रता दिवस पर लोगों से अपील की कि वे भाईचारे और समानता की भावना को मजबूत करें और लोकतंत्र को सही मायनों में सशक्त बनाएं।

# सीडीओ ने आश्रय स्थल सराय भागमानी एवं पोल्ट्री फार्म का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गौरीगंज अमेठी।** जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल द्वारा विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय भागमानी में संचालित गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धा भाव से गोपूजन कर संरक्षित गोवंशों को पुष्पमाला पहनाई, खाद्यान्न खिलाया एवं पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गोपाल ख्रष्ण शुक्ल, संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी, पंचायत सचिव एवं सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अपने अधीनस्थ कर्मियों सहित उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि गोवंशों के खाद्यान्न की उपलब्धता में किसी प्रकार की समस्या न हो तथा आश्रय स्थल पर प्रतिदिन साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में हरे चारे की बुवाई की गई है, इसलिए गोवंशों को नियमित रूप से हरा चारा और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए तथा उनके स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था निरंतर बनी रहे। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में संचालित पोल्ट्री फार्म का भी निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण बर्ड फ्लू की रोकथाम की ख्रष्टि से किया गया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में अब तक बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने यह भी बताया कि रोकथाम के लिए समिति का गठन किया जा चुका है और इसकी नियमित समीक्षा की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि बर्ड फ्लू की रोकथाम हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएं ताकि जनपद में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डीपीआरसी में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गौरीगंज अमेठी।** 79वां स्वतंत्रता दिवस जनपद में हर्षोल्लास एवं पूर्ण गरिमामयी तरीके से मनाया गया।

इस अवसर पर सभी सरक. ारी/गैर सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों पर ध्वजारोहण के साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा आजादी दिलाने वाले वीर सपूतों को याद किया गया। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह तथा कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी संजय चौहान ने ध्वजारोहण किया इसके उपरांत झंडा अभिवादन के साथ ही भावपूर्ण राष्ट्रगान का गायन किया गया तथा उपस्थित अधिका. रियों, कर्मचारियों एवं जन सामान्य को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर डीपीआरसी गौरीगंज में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें हर घर तिरंगा अभियान के तहत विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं पुलिस विभाग द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा रैली को मा. राज्य मंत्री जी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इसके उपरांत विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर लगाई गई पोस्टर/अभिलेख एवं पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। वहीं डीपीआरसी परिसर में राज्य मंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके उपरांत राज्य मंत्री द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में बेसिक/माध्यमिक शिक्षा विभाग की छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर सांस्ख्रतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया तथा कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह गांधी मूर्ति से हुई। यहां से प्रभात फेरी निकाली गयी जो अम्बेडकर पार्क पहुंची। यहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया गया। कलेक्ट्रेट में स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सैनिकों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। क्रासकंट्री दौड़ में विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिये गये जबकि अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किये गये। सरदार हमीदी इंटर कालेज, गुरूकुल चोटीपुरा महाविद्यालय, जीजीआईसी की छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। गांव पंडकी में वृद्धाश्रम में भी वृद्धजनों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें फल बांटे गये। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम गरिमा सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर चन्द्रकांता, ब्रजपाल सिंह, शैलेष दूबे, डा. आभा दत्त आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी में शामिल डीएम व अन्य।

## तिरंगा लाइटिंग में अमरोहा पालिका प्रथम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका में चेयरमैन श्रीमति शशि जैन व अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने में वीर शहीदों ने जो कुर्बानी दी है उसे हमें युवा पीढ़ी के सामने रखना है। अपनी आजादी को बनाये रखने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना है। इस अवसर पर सभासद व पालिका स्टाफ मौजूद रहा। उधर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा लाइटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें अमरोहा नगर पालिका को पहला, देहात थाने को दूसरा जबकि जिले के पंचायत भवनों को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके चयन के लिये डीएम निधि गुप्ता वत्स द्वारा एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम की संयुक्त टीम का गठन किया गया था। पालिका के प्रथम आने पर अध्यक्ष शशि जैन ने ईओ डा. ब्रजेश कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। इसके अलावा उन्होंने ईओ के हर प्रयास की सराहना की।

## जीएमएस में महबूब ने किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि 200 वर्षो तक अंग्रेजों ने भारत पर राज कर एकता को खंडित करने का काम किया। आज हम वीर सैनानियों की वजह से आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। सदर विधायक महबूब अली ने जीएमएस कालेज आफ फार्मेसी में ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत के वीर सपूतों ने अपने प्राणें की बलि देकर गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन चलाकर देश को आजाद कराया। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आरके में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** आरके पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। संरक्षक अजय टंडन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान व झंडा गीत विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के साथ राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रमों की सुन्दर झांकियां छात्र छात्राओं द्वारा पेश की गयी। संरक्षक अजय टंडन ने कहा कि स्वतंत्रता एक अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। हमें अपने देश की संस्कृति व मूल्यों को पहचानना होगा। इस मौके पर अध्यक्षिका अदिति टंडन, प्रधानाचार्य डा. शिक्षा सरदाना, रिंकू सक्सैना आदि मौजूद रहे।

## अमर सिंह कालेज में गूंजा आजादी का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज प्रांगण तिरंगे की छटा से सजा हुआ था। प्रबंधक अशोक सैनी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं। कॉलेज का माहौल भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा ख्र स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि शहीदों के बलिदान का स्मरण है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम देश के विकास और समाज की सेवा में अपनी ईमानदार भूमिका निभाएँ। युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ राष्ट्रप्रेम और अनुशासन भी अपनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण हुआ और सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# स्वतंत्रता दिवस पर अमर शहीदों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर में देहात क्षेत्र में देश के राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ को धूमधाम एवं देश भक्ति के साथ मनाई गई। नगर व ग्रामीण इलाके में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों शिक्षण संस्थान एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा देश के राष्ट्रीय ध्वज को फराह कर उसे सलामी दी गई। वही सरकारी कर्मचारियों को संप्रभुता और अखंडता की शपथ भी दिलाई गई।

नगर स्थित नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने ध्वजारोहण कर सरदार भगत सिंह एवं बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर देश के अमर शहीदों को नमन किया। वहीं नगर के तहसील कार्यालय पर उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी, कोतवाली पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ धुर्वेद्र सिंह, अंबेडकर पार्क पर भाजपा नेता हेम सिंह आर्य एवं महेंद्र आर्य, ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, झम्मन लाल पीजी कॉलेज में निदेशक गोपाल सक्सेना, बेबी फ्यूचर जूनियर हाई स्कूल में प्रबंधक शोएब खान, सरदार बेगम डिग्री कॉलेज में शहजाद खान, खुर्रम आजाद एवं दानिश खान, श्री गंगाराम जगपति हाई स्कूल में प्रबंधन का ममता देवी, वन विभाग कार्यालय सिहाली जागीर मे वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मुकेश बाबू, सचिन इंडियन गैस एजेंसी के कार्यालय पर पूर्व ब्लाक प्रमुख महावीर सिंह चौहान, मदरसा दारुल उलूम अलकुरेश में पूर्व सभासद एवं सपा नेता बदर कुरैशी ने ध्वजारोहण किया। वही शिक्षण संस्थानों में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा देशभक्ति से भरे कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। लिटिल चिल्ड्रन एकेडमी सिहाली जागीर में प्रबंधिका ममता गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। मदरसा अरबिया लतीफिया के छात्र छात्राओं ने नगर में तिरंगा रैली निकाली साथ ही देश के अमर शहीदों पर आधारित तराने भी सुनाये। कई स्कूलों में देश के जवानों से प्रेरित होकर बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। वही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम के अंत में मिठाई का भी वितरण किया गया। स्कूलों एवं मदरसों में देश को आजाद कराने के लिए अपनी जानों कि कुर्बानिया देने वाले अमर शहीदों की कहानियां भी सुनाई गई। विद्यालयों में रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए देशभक्ति के तराने भी सुनाये गये।

## चेयरमैन ने पालिका में फहराया तिरंगा



## सांसद ने फहराया 108 फिट ऊंचा तिरंगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो। रजबपुर।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने अपने कैम्प कार्यालय पर 108 फिट ऊंचा तिरंगा फहराया। इस दौरान भारत माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके सांसद कंवर सिंह तंवर ने गांव झकनपुरी स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं व लोगों को संबोधित करते कहा कि यह तिरंगा हमारे देश की शान है। उन्होंने सभी को स्वत्रंता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, युद्धवीर सिंह, महेश खडगवंशी, अशोक नागर, मनोज शर्मा, चन्द्रपाल खडगवंशी, हरज्ञान प्रजापति, पिंटू भाटी, ऋषिपाल नागर, राकेश वर्मा, सरोज, ममता मौजूद रहीं।

## देशभक्ति कार्यक्रम से बच्चों ने जीता दिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो रजबपुर।** दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में स्वत्रंता दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रम से सभी का दिल जीत लिया। गांव शाहवाजपुर स्थित दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस ग्राम प्रधान शहरोज आलम ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य अजरा नकवी व मौ. फैसल ने सभी को स्वतंत्रा दिवस की बधाई दी। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आजादी के लिये अपने प्राणों को बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय परिवार ने देश की एकता, अखंडता का संकल्प लिया।

# भाजपा ने किया पूर्व राज्यपाल का अपमान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने किसानों के हितेषी पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक का अपमान किया है। जनता इस अपमान को याद रखेगी। बृहस्पतिवार को ग्राम कुआंखेड़ा के निकट स्थित एक वैंकट हॉल पर पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक किसानों के सच्चे हितैषी थे। भाजपा में रहते हुए भी पार्टी ने उन्हें कभी भी सम्मान नहीं दिया। मृत्यु उपरांत उन्हें राजकीय सम्मान दिया जाना था, मगर ऐसा नहीं किया गया। जिससे किसानों की भावनाएं आहत हुई है। आने वाले चुनाव में लोग भाजपा को सबक सिखाएंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने भी पूर्व राज्यपाल के जीवन चरित्र प्रकाश डाला। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने उन्हें किसानों का सच्चा मसीहा बताया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह अरविंद सिंह, गुरमीत सिंह, जयमल सिंह, अलाउद्दीन सैफी, जीतांबर यादव, आमिर रजा, तेजपाल, अशोक चौधरी, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



## डीएम ने किया रामवीर को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सेवानिवृत्त शिक्षक एवं श्री नारायण स्मारक इण्टर कॉलेज के अध्यक्ष रामवीर सिंह को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डीएम निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा आदि समेत अन्य अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि उनके द्वारा शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास प्रशंसनीय है।

# चेयरपर्सन ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर किया गौ पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर पालिका परिषद गजरौला की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी एवं उनके पुत्र प्रमोद कुमार द्वारा श्री कान्हा गौ आश्रय स्थल (गौशाला) में जाकर गौ पूजा की गई तथा गौ माताओं को चारा एवं गुड़ खिलाकर पुष्प वर्षा की गई। गौ माता की आरती करके जनमानस से गौ माता के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौराणिक, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गौ को हमारी माता माना गया है। गौ माता में देवी देवता निवास करते हैं। इसलिए गौ माता का संरक्षण करें और उचित मात्रा में भोजन आदि प्रदान करें, ताकि वे संरक्षित रहें। गौ पूजन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। चेयरपर्सन ने गौशाला के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर संजीव सिंह, अंकित सिंह, गौरव कुमार, मोहित कुमार, हरीश, निरंकार, हुकम सिंह, विनोद कुमार, दयानंद शर्मा, शोभित कुमार आदि मौजूद रहे।



गजरौला। पालिका दफ्तर पर ध्वजारोहण करते चेयरपर्सन व ईओ।



गजरौला। ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में ध्वजारोहण करते अतिथि।

# स्वतंत्रता दिवस पर हुए देशभक्ति के कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारत का 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल, कॉलेजों, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व स्थानीय नागरिकों ने भी अपने अपने घरों पर ससम्मान राष्ट्रध्वज फहराया। इस दौरान वातावरण में देशभक्ति के गीत और उद्घोष गूंजते रहे।

नगर पालिका कार्यालय पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, ईओ ललित कुमार आर्य व नगर स्वच्छता प्रेरक पूर्व विधायक हरपाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विकास खंड कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी विरेन्द्र सिंह, बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल ने ध्वज फहराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। कोतवाली में सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने ध्वज फहराया। एबीएसए कार्यालय पर बीईओ आरती गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला में प्राचार्य प्रो.एमए गौरी व राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी में प्राचार्या डॉ.वंदना भारद्वाज ने ध्वजारोहण किया। विधायक राजीव तरारा ने अपने एमडीए कार्यालय स्थित आवास पर ध्वजारोहण किया। कारमेल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विक्रम सिंह व प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा, नोबल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक राजीव उपाध्याय व प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय, एचसीएम इंटर कॉलेज कुमराला में प्रबंधक सर्वेन्द्र सिंह, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में प्रबंधक रोहताश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य पवन गिरि गोस्वामी व अध्यक्ष नवीन सिंघल, यश पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य नीरज कुमार, श्री नारायण स्मारक इंटर कॉलेज में प्रबंधिका दीपा सिरोही, संस्थापक अनिल सिरोही, प्रधानाचार्य वियजपाल सिंह ने, कमलेश गिल इंटर कॉलेज में सेवानिवृत्त फौजी विरेन्द्र सिंह, रामसरनदास स्मारक इंटर कॉलेज सलेमपुर गौसाईं में प्रधानाचार्य धर्मपाल सिंह, ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में राम प्रकाश गर्ग, नवीन गर्ग, श्वेता गर्ग, डॉ.पूनम पंडित व प्रबंधक डॉ.पराग पंडित ने, रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में प्रबंधक रमेश चंद्र शर्मा, बाल भारती इण्टर कॉलेज बहलोलपुर में प्रबंधक सुमित कुमार व प्रधानाचार्य सरिता निमांकर, सरस्वती शिशु मंदिर गजरौला में प्रबंध समिति के सदस्यों व प्रधानाचार्य रामदास शर्मा, नॉर्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य मनोज गोयल, नागपाल इण्टरनेशनल स्कूल में चेयरपर्सन अंशु नागपाल, निदेशक समीर नागपाल व प्रधानाचार्या निशु सिंह, अल आसिम एकेडमी में चेयरमैन कुंवर काशिफ हुसैन, सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में प्रबंधक रविराज सिंह ने, सैंट सेफ इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य इकबाल अहमद सैफी, जीनियस पब्लिक स्कूल नाईपुरा में प्रबंधक व वार्ड सभासद रानी व संस्थापक फुरकान अली, भारतीय समाज सेवा समिति के कार्यालय पर डॉ. योगेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। जय भारत इण्टर कॉलेज द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं नगर की जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड में यूनिट हेड विनोद झा ने ध्वजारोहण किया। श्री कृष्णा लाइब्रेरी पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया।

**उल्लास**

**स्कूल, कॉलेजों में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**



गजरौला। ब्लॉक में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करतीं प्रमुख व बीडीओ।



गजरौला। नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

# डाक्टरों को एक समान वेतन देने को लेकर लाल बिहारी ने लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** एमबीबीएस डॉक्टरों के वेतनमान में विसंगति को लेकर उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को पत्र लिखा है। पत्र में डॉक्टरों की वेतन विसंगतियों को दूर करने के साथ ही कार्यवाही से अवगत कराने को कहा है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य को लिखे पत्र में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश शासन के दो वर्षीय अनिवार्य सेवा बांड के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) एवं शासकीय मेडिकल कालेजों में तैनात बांडेड एम-बी-बी-एस- चिकित्सक तैनात किये गए है। वर्ष 2018-2019 बैच के चिकित्सकों को एक कार्य के लिए अलग- अलग वेतन दिया जा रहा है। जैसे शासकीय मेडिकल कालेजों में नियुक्त चिकित्सकों का वेतन 90,000 से



110,000 तक प्रतिमाह दिया जा रहा है। जबकि उसी बैच के चिकित्सक जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात है उन्हें वेतन 50,000 से 60,000 प्रतिमाह दिया जा रहा है। पत्र में उन्होंने पूछा है कि जब सभी चिकित्सकों का एक समान कार्य है तो वेतन में यह दोहरा मापदंड क्यों किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अनुभाग-4, पांच जून को जारी किये गए निर्देश में बेसिक पे एवं सभी भत्ते समान रूप से प्रदान किये जाने का उल्लेख किया गया है लेकिन जिले के मुख्य चिकित्साधिकारियों के द्वारा उक्त आदेश के विपरीत चिकित्सकों को वेतन आधे से भी कम मानदेय दिया जा रहा है। लाल बिहारी यादव का कहना है कि इससे चिकित्सकों में आपस में वैमनस्यता बढ़ेगा जिसका प्रतिकूल असर आमजन पर पडेगा। उन्होंने कहा है कि जब एक बैच के चिकित्सक अपनी-अपनी सेवाएं प्रदेश के शासकीय मेडिकल कालेजों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दे रहे है तो उनके बेसिक पे व सभी भत्तों में अन्तर नहीं होना चाहिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) एवं शासकीय मेडिकल कालेजों में तैनात एम-बी-बी-एस- चिकित्सकों के वेतन में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने को कहा है।

## कार की टक्कर से सगे भाइयों की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के कुरावली क्षेत्र स्थित एजेंसी पर बाइक खरीदने जा रहे दो सगे भाइयों की कार की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कोतवाली सदर के मुहल्ला वंशीगोहरा निवासी रघुराज शाक्य (55) अपने भाई उपेंद्र (44) के साथ शुक्रवार को कस्बा कुरावली स्थित एजेंसी पर बाइक से जा रहे थे कि कुरावली- मैनपुरी मार्ग पर गांव महादेवा में कोल्ड स्टोरेज के निकट पीछे से तेज रफ्तार अनियंत्रित स्कार्पियो कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाइयों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। इस बीच कार लेकर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने घेरा. बंदी करके पकड़ लिया। पुलिस चालक को पकड़्कर थाने ले गई। मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# हिंदू समाज को बाटने का चल रहा है षड्यंत्र: उमा भारती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**आंवला/लखनऊ।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने शनिवार को बरेली के आंवला में वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती पर कहा कि जाति के नाम पर हिंदू समाज को बांटने का बड़ा षड्यंत्र चल रहा है। हिंदू समाज को मजबूत करने के लिए पिछड़ों और दलितों को आगे आना होगा। उमा भारती ने कहा कि पिछड़ों और दलितों को समाज और सत्ता में उन्हें बराबर की भागीदारी देनी होगी।

सत्ता, समाज और शासन में निर्णायक भागीदारी के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बहुत काम किया था। शाहजहांपुर का नाम बदलने को लेकर उमा भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी से अनुरोध है कि शाहजहांपुर काकोई नया नाम प्रस्तावित कर दें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोधी समाज से दो-दो मुख्यमंत्री दिए हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी बचपन में खेल खिलौनों से नहीं तलवार से ही खेला करती थी। उन्होंने अपनी आखिरी सांस तक राज्य और राज्य के लोगों के लिए लड़ाई लड़ी।



लोधी समाज धोखा तो खा लेगा लेकिन धोखा देने का काम नहीं करेगा। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी की जयंती पर आंवला में उनकी भव्य प्रतिमा का अनावरण उमा दीदी द्वारा किया जा रहा है। यह क्षेत्रवासियों के लिए गौरव की बात है।

# संगम नगरी और बाबा की नगरी में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**प्रयागराज/वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बघे धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाया जा रहा है।

इस्कॉन मंदिर के पुजारी शिव मोहन जी ने बताया कि इस बार की जन्माष्टमी हर तरह की जन्माष्टमी से बहुत खास होने वाली है। इस बार जन्माष्टमी में पहली बार मंदिर प्रांगण को गोकुल थीम के तर्ज पर सजाया गया है। भगवान का श्रृंगार इस बार कई प्रकार फूलों से कराया जाएगा और 108 नदियों के जल से भगवान श्री कृष्णा को स्नान कराया जाएगा। वृंदावन और मथुरा से भगवान श्री कृष्ण के वस्त्र मंगाए गए है।

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर उनके भक्तों में खासा उत्साह दिख रहा है और अब सभी भगवान श्री कृष्ण के जन्म का बेसब्री से उनके भक्त इंतजार कर रहे हैं। वहीं काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) में शनिवार की शाम श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सजीव झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

# लखनऊ हवाई अड्डे पर आज से 24 घंटे विमान सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आज से चौबीसों घंटे उड़ानों का संचालन शुरू करने के लिए तैयार है।

इसके साथ ही प्रतिदिन चार घंटे की उड़ानों का रोक समाप्त हो जाएगी। रनवे रिकार्पेटिंग (मरम्मत) का काम पूरा होने पर एयरपोर्ट पूरी तरह से 24 घंटे ऑपरेशन मोड में आ गया है। इससे यात्रियों को बघी राहत मिलेगी। अब तक एयरपोर्ट पर सुबह पांच बजे से रात में 11 बजे तक ही उघन होती थी। रनवे रिकार्पेटिंग की वजह से एयरपोर्ट की टेक्निकल क्षमता में बड़ा सुधार हुआ है। इससे अब फ्लाइट मूवमेंट अधिक, बेहतर सुरक्षा और बड़े विमानों की लैंलडग संभव हो सकेगी। फॉग और बारिश में सुरक्षित लैंलडग होगी। एक अधिकारी ने बताया कि यह बदलाव रनवे की रीकार्पेटिंग और दो अतिरिक्त टैक्सीवे के निर्माण के सफल समापन के बाद किया गया है। 2,744 मीटर लंबे रनवे में अब प्रकाश की उचित व्यवस्था होने से सुरक्षा और दक्षता दोनों में वृद्धि हुई है। मौजूदा पांच टैक्सीवे के अतिरिक्त दो नए टैक्सीवे के साथ, विमान रनवे तक अधिक तेज़ी से पहुंच सकेंगे। इस सुधार से व्यस्त समय के दौरान भीड़भाड़ कम होने और देरी कम होने की उम्मीद है। दरअसल वर्तमान में, हवाई अड्डा सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक उड़ानों के लिए बंद रहता है। लंबी दूरी की घरेलू उड़ानों के लिए सबसे व्यस्त समय में से एक माने जाने वाले इस समय ने पिछले कुछ महीनों में यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा है। प्रतिबंध हटने के बाद, एक मार्च से रद्द की गई आठ उड़ानें बहाल हो जाएंगी और इस अवधि के दौरान पुनर्निर्धारित सेवाएं अपने मूल समय पर वापस आ जाएंगी। वर्तमान में, लखनऊ हवाई अड्डा 28 घरेलू एयरपोर्ट के लिए 128 दैनिक उड़ानों के साथ-साथ 8-10 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन करता है। भविष्य को देखते हुए, अधिकारियों ने रनवे के और विस्तार की योजना की पुष्टि की है। ज़िला प्रशासन ने इस उद्देश्य के लिए बिजनौर क्षेत्र के पांच गांवों में 54 एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस वर्ष 1 मार्च को बड़े पैमाने पर रनवे के रखरखाव और आधुनिकीकरण के लिए उड़ान सेवाओं पर चार घंटे की रोक लगाई गई थी।इस अवधि के दौरान, कई उड़ानें या तो रद्द कर दी गईं या अलग-अलग समय पर स्थानांतरित कर दी गईं, जिससे महत्वपूर्ण दोपहर के समय यात्रा करने वाले यात्रियों को असुविधा हुई। अब काम पूरा होने के साथ, हवाई अड्डा 24/7 निर्बाध संचालन फिर से शुरू करने के लिए तैयार है।

## एक नजर

### काशी में दुकानदारों ने लगाए स्वदेशी माल की बिक्री के पोस्टर

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील का असर उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी में देखा जा रहा है। यहां दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर व भीतर 'यहां स्वदेशी माल बिकता है' के स्टिकर लगाने शुरु कर दिये हैं। पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ- नीलकंठ तिवारी स्वयं दुकानदारों को इस नेक पहल के लिए जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कई वीडियो और तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें दुकानदार 'हमारे यहां स्वदेशी माल बिकता है' का स्टीकर लगाते नजर आ रहे हैं। नई सड़क पर कपड़ा व्यापारी महेश गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता और राहुल अग्रहरि ने भी अपनी दुकानों पर 'हमारे यहां स्वदेशी माल बिकता है' का स्टीकर चिपका दिया है। इन दुकानों पर भारत के विभिन्न राज्यों से कपड़े आते हैं। नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि उनकी दुकान पर दिल्ली, अमृतसर, कोलकाता, अहमदाबाद सहित भारत के अन्य स्थानों से आए स्वदेशी माल की बिक्री होती है।

### गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज में जेबकतरा गिरफ्तार

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के गुलहरिया क्षेत्र में बाबा राघवदास मेडिकल कालेज में तिमारदारों के सामान और पर्स की चोरी करने वाले दो जेबकतरों को पुलिस गिरफतार करके उसके पास से चोरी के दस हजार रूपया बरामद किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि बस्ती जिला के सोनहा थाना क्षेत्र के कटोरिया गांव निवासी अम्बरीश कल मेडिकल कालेज के काउन्टर पर खून जांच कराने के लाइन में खडा था कि किसी ने उसके जेब से दस हजार रूपया निकाल लिया। पीड़ित की सूचना पर हरकत में आयी पुलिस टीम ने सीसीटीवी फूटेज की जांच और मुखबिर की सूचना पर आरोपी कमलेश कुमार निवासी सिविल लाइन थाना कैन्ट को आज गिरफतार करके उसके पास से चोरी का दस हजार रूपया बरामद किया।

### मंदिर का छज्जा गिरने से तीन श्रद्धालु घायल

**अयोध्या।** अयोध्या में हनुमानगढ़ी के पास एक मंदिर का छज्जा गिरने से तीन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हनुमानगढ़ी के निकास द्वार पर स्थित एक मंदिर का छज्जा अचानक टूट कर श्रद्धालुओं पर आ गिरा जिससे अफरातफरी मच गई। छज्जा गिरने से तीन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को श्री राम अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि घायल श्रद्धालुओं में एक अयोध्या, दूसरा महोबा और तीसरा रीवा का रहने वाला है।

### ट्रेलर से कुचल कर मां-बेटे की मौत

**मिर्जापुर।** उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अदलहाट क्षेत्र के सिकिया गांव के पास एक ट्रेलर की चपेट में आ जाने से बाईक सवार बेटे और मां की कुचल कर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार चंदौली जिले के मेहुआ गांव निवासी कुलदीप सिंह 20वर्ष शुक्रवार शाम को अपनी मां रूचि देवी (40) को बाईक पर बैठा कर इसी थाना क्षेत्र के घरवासपुर अपने ननिहाल जा रहा था। वाराणसी सोनभद्र राजमार्ग पर स्थित सिकिया गांव के पास रोड़ क्रासिंग पर वाराणसी की ओर से आ रहा एक ट्रेलर दोनों को रौंदते निकल गया, जिससे कुलदीप और उसकी मां रूचि देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चालक वाहन छोड़ कर भाग निकला। वाहन को कब्जे में लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है।

### जेल से फरार कैदी पुणे में गिरफ्तार

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिला कारागार से करीब ढाई साल पूर्व बलात्कार और पास्को एक्ट के फरार कैदी को एसटीएफ फील्ड यूनिट वाराणसी की टीम गुजरात के सूरत शहर से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र के ग्राम बरईपुर निवासी उपेन्द्र पाण्डेय बलात्कार और पास्को एक्ट का आरोपी है। उक्त आरोपी बदमाश 29 दिसम्बर 2022 को जिला कारागार से फरार हो गया था। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस फरार होने के मामले में एक और मुकदमा लिखकर मामले की जांच कर रही थी। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगी थीं। प्रवक्ता ने बताया कि में धरातलीय व इलेक्ट्रानिक सूचना के आधार पर एसटीएफ फील्ड यूनीट वाराणसी की टीम ने फरार कैदी को गुजरात के सुरत शहर के शिवशक्ति नगर सोसाइटी थाना भटेना से 13 अगस्त को गिरफ्तार कर उसे वहां से ट्रांजिट रिमाण्ड पर देवरिया लाया गया।

# आनंदीबेन ने रामलला का किया दर्शन पूजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को परिजनों के साथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन अर्चन किया। इसके बाद उनका काफिला राममंदिर परिसर में स्थित कुबेर टीला पहुंचा वहां उन्होंने भोलेनाथ से आशीर्वाद मांगा। श्रीमती पटेल आज निजी दौरे पर अयोध्या पहुंची। उनका हेलीकॉप्टर रामकथा पार्क के सामने स्थित हेलीपैड पर उतरा। हेलीपैड पर उनका स्वागत मंडलायुक्त राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार डीएम



निखिल टी फुंडे एसएसपी गौरव ग्रोवर ने किया। हेलीपैड से राज्यपाल का काफिला रामपथ होते हुए क्रॉसिंग 3 से राम मंदिर पहुंचा जहां श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी डॉ अनिल कुमार मिश्र ने स्वागत कर उनको रामलला का दर्शन पूजन अर्चन कराया। कुबेर टीला पर स्थित भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया। राज्यपाल पिछले दिनों शासकीय कार्य से अयोध्या आई और डॉ राममनोहर लोहिया अवध विवि का निरीक्षण भी किया था।

इसके बाद राजभवन से एक टीम ने भी निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपी थी। अब डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विवि परिसर में एक कुलाधिपति गेस्ट हाऊस का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यानि अयोध्या की महत्ता को देखते हुए राज्यपाल के लिए एक अलग से गेस्ट हाउस बन रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सलाहकार शशि कांत दास शनिवार को अयोध्या पहुंचे और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। श्री दास के अयोध्या आगमन से प्रधानमंत्री के संभावित अयोध्या दौरे को लेकर कयास लगाए जाने लगे हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने हालांकि इसकी पुष्टि करने से इंकार करते हुए कहा कि श्री दास का यह विशेष कार्यक्रम है। जिसमें निकट भविष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अयोध्या आगमन भी एक संभावित विषय है।

## राष्ट्रीय स्तर के पहलवान की करंट लगने से मौत

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश में संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के पहलवान विकास पांडेय की करंट लगने से मौत हो गई। उन्हें टेबल फैन लगाते समय करंट लगा और अस्पताल ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि चक महुआ गांव निवासी विकास (20) शनिवार सुबह अपने घर में भैंसों को नहलाने के बाद उन्हें गर्मी से राहत देने के लिए पंखा लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनका हाथ करंट की चपेट में आ गया। तेज झटके के साथ वह जमीन पर गिर पड़े। परिवार के लोग तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले गए।

# औरैया में नाबालिग भांजी से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**औरैया।** उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के कुदरकोट क्षेत्र में रिश्तों को शर्मशार करने वाला एक मामला सामने आया है। जहां एक 17 वर्षीय नाबालिग के साथ उसके सगे मामा ने दुष्कर्म किया। पीड़िता मैनपुरी जिले के ओंछा थाना क्षेत्र की रहने वाली है।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि घटना 15 अगस्त की सुबह 8 बजे की है। पीड़िता अपनी ननिहाल आई हुई थी। 65 वर्षीय आरोपी भूरे सिंह ने घर के कमरे में इस घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की मां छह भाइयों की अकेली बहन है। पीड़िता की मां ने शुक्रवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपी को उसके खेत से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 64(1) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के भतीजे ने भी मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिधूना पी पुनीत मिश्रा ने बताया कि थाना कुदरकोट के एक गांव से 17 वर्षीय युवती के साथ उसके मामा द्वारा दुष्कर्म करने की सूचना प्राप्त हुई। थाना कुदरकोट पुलिस द्वारा जांच करने पर घटना सही पायी गई है।

## साइकिल सवार की तालाब में गिरने से मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के गंगानगर इलाके में शुक्रवार देर शाम एक साइकिल सवार की तालाब में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कुआंडीह गांव निवासी राजेंद्र भारतीया (40) मजदूरी करता था। शुक्रवार को वो साइकिल से पास के पग्गल चौराहा गया था। कुछ देर बाद घर वापस लौटते समय फिसल कर साइकिल समेत गांव के तालाब में गिर गया और गहरे पानी में समा गया। उन्होंने बताया कि राजेंद्र को तालाब में डूबते देख उसे बचाने के लिए गांव का युवक तालाब में कूद गया और किसी तरह उसे तालाब से बाहर निकाला तो परिजन उसे इलाज के लिए सरायइनायत बाजार स्थित निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बहराइच में पुलिस के खिलाफ ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के पयागपुर क्षेत्र में आज ग्रामीणों ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। मामला पयागपुर थाना क्षेत्र के बिलरवा चौराहे का है, जहां सैकड़ों ग्रामीणों ने बभनियांवा चौकी इंचार्ज अमरनाथ और सिपाहियों पर गंभीर आरोप लगाए।

ग्रामीणों का आरोप है कि चौकी इंचार्ज अमरनाथ मिश्रा और सिपाहियों ने मुने नामक एक युवक की बिना किसी कारण पिटाई की। सूत्रों के अनुसार, मुने देर रात कुत्तों से एक बछिया की रक्षा करने के बाद चौराहे पर बैठा था, तभी पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। जब रहमत नाम का एक ग्रामीण युवक की मदद के लिए पहुंचा, तो पुलिसकर्मियों ने उसके साथ भी अभद्र व्यवहार किया।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने बिलरवा चौराहे पर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से चौकी इंचार्ज अमरनाथ मिश्रा को लाइन हाजिर कर दिया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी पयागपुर को सौंपी गई है। पयागपुर थाना प्रभारी करुणाशंकर भी मौके पर पहुंचे।

## श्रृंगवेरपुर के निषादराज पीठाधीश्वर की कार में लगी आग

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर के निषादराज पीठाधीश्वर दयाशंकर उर्फ स्वामी माधव दास महाराज की कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते कार के अंदर रखे डेढ़ लाख रुपये नकदी, सभी कागजात जलकर नष्ट हो गए। पूरी घटना श्रृंगवेरपुर धाम में घटित हुई। स्वामी माधव दास ने बताया कि गाघी के अंदर शॉट सर्किट से आग लगी थी लेकिन जब तक आग को बुझा पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था।

# पुलिसकर्मी की संदिग्ध अवस्था में गोली लगने से मौत

**सीतापुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में पीएसी के केंद्रीय आयुध भंडार में तैनात सिपाही हिमांशु कुमार उम्र 25 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। वह आयुध भंडार के वॉच टावर पर तैनात थे। टॉवर करीब 20 फीट ऊंचा है। सूचना मिलते ही अधिकारी उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। बताया जा रहा है कि सिपाही ने आत्महत्या की है।

जानकारी पर एसपी अंकुर अग्रवाल और 11वीं बटालियन पीएसी कमांडेंट रवि कुमार ने अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि सुबह हिमांशु को गोली लगने की सूचना प्राप्त हुई। इस पर स्थानीय पुलिस, केंद्रीय आयुध भंडार पहुंची। जांच में पता चला कि अमरोहा के ईश्वरदेव गांव निवासी हिमांशु (26) 24 बटालियन, मुरादाबाद में तैनात हैं। 2021 बैच में इनका चयन हुआ था। आयुध भंडार में दो माह पहले उनकी डड्यूटी लगाई गई थी। इंसास रायफल से गोली लगने के कारण उनकी मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौके पर फोरेंसिक टीम ने भी जांच की है। घटना का कारण जानने के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम भी बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना के समय हिमांशु के कान में ईयर बड लगी मिली है। यह आखिरी बार किससे फोन पर बात कर रहे थे, इसकी भी जांच होगी। सूत्रों के अनुसार तीन राउंड फायर हुआ है। हालांकि एसपी ने बताया कि परिसर में किसी भी प्रकार के जबरन घुसने के प्रयास का मामला सामने नहीं आया है। एसआईटी जांच में सभी तथ्यों की गहनता से पड़ताल होगी। यहां बता दे कि सिपाही को तीन गोलियां लगी है। लोगों का कहना है कि अगर सिपाही ने आत्महत्या की होती, तब एक ही गली में उसका काम तमाम हो सकता था। लेकिन तीन गोलियां लगना घटना को बेहद संदिग्ध बना रहा है।

# अटल ने देश का मान बढ़ाया: शाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवरिया।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को कहा कि विराट व्यक्तित्व के धनी वाजपेयी ने अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का मान बढ़ाया था।

श्री शाही ने कहा कि भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए वाजपेयी जी का योगदान का उल्लेखनीय रहा।

वे विराट व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उन्होंने विदेशों में अन्तर्राष्ट्रीय मंचों के माध्यम से वाक पटुता तथा अपनी विद्ययवत्ता से भारत का मान बढ़ाने का कार्य किये थे।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि श्री वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान ही 1999 में कारगिल युद्ध हुआ, जिसमें भारतीय सेना ने अपनी अदम्य साहस का परिचय दिया और एक बार फिर से पूरी दुनिया और पड़ोसी मुल्क को बताया कि भारत किसी भी विपरीत परिस्थिति के लिए हमेशा तैयार है और अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए मुंहतोड़ जवाब दे सकता है।

# एचआरए इण्टर कॉलेज में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का जश्न

**सीतापुर।** 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर एचआरए इण्टर कालेज, निकट श्यामनाथ रेलवे क्रासिंग, पीतपुर-सीतापुर में धूमधाम से मनाया गया। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक मोहम्मद जुबैर अंसारी ने झण्डारोहण किया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ध्वज को सलामी दी। साथ ही राष्ट्रगान गाया। छात्रों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये। विद्यालय की छात्राओं (मयंक त्रिपाठी, आर्या मिश्रा, अर्चिता सिंह) ने स्वतंत्रता दिवस से सम्बन्धित भाषण दिया। कालेज की प्रधानाचार्या अर्चना सिंह ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित कर स्वतन्त्रता दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक मो. जुबैर अन्सारी ने छात्र-छात्राओं को स्वतन्त्रता दिवस पर बधाई दी और सभी को मिठाईयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार जनसंदेश टाईम्स के जिला संवाददाता हिमांशु सिंह (मोनू), राशिद अंसारी, उपप्रधानाचार्य सगीर हुसैन व समस्त अध्यापक-अध्यापिकाएं मो. सिराजुल हसन अंसारी, मोहम्मद आदिल, आभास प्रताप सिहं, शिवांस कुमार सिंह, प्रवीण सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सुफियान अंसारी, पुष्पराज गुप्ता, मनीष कुमार मिश्रा, वीरू अवस्थी, श्याम प्रकाश कश्यप, श्रीमती अंजना वर्मा, प्रीती वर्मा, रूचि वर्मा, शालिनी सक्सेना, श्रीमती सुधा श्रीवास्तव, संगीता महाराणा, शादमा खानम, प्रीती सहाय, फरजाना शब्बीर, अल्का श्रीवास्तव, निदा रफत, संध्या कनौजिया, फरहीन जहां, कोमल श्रीवास्तव, आस्मा बानो, मन्तशा खान, शशीबाला राजवंशी, उजमा कौसर, साक्षी अवस्थी, अंशिका शुक्ला, दीपिका श्रीवास्तव, सनोवर रिज़्वी, शिखा दीक्षित, कोमल पाण्डेय, आमिना खातून, अनुपम शर्मा, गरिमा सिंह, नजमा बक्शी, कीर्ति सिंह, माधुरी मिश्रा, पूजा राठौर, पूजा सिंह, प्राची गुप्ता, शिवांगी जायसवाल, सूफिया बेगम व अन्य सभी अध्यापक व अध्यापिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बिसौली में पत्रकारों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** शुक्रवार 15 अगस्त 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को स्थानीय एवं क्षेत्रीय पत्रकारों ने तिरंगा बाइक रैली निकाली। रैली की शुरुआत सुबह लोनिवि अतिथि गृह से हुई। मौसम साफ रहने से रैली का उत्साह दोगुना रहा। रैली एम.एफ. हाइवे से होते हुए अटल चौक पहुंची, जहां पत्रकारों ने देशभक्ति नारे लगाए और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद रैली बिल्सी रोड, बुधबाजार, मुख्य चौराहा, पुलिस चौकी होते हुए पुनः गेस्ट हाउस पहुंचकर सम्पन्न हुई। समापन पर राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ पत्रकार मुकेश वशिष्ठ ने सभी का आभार जताया। रैली में नगर के अलावा वजी. रगंज, उघैती, आसफपुर, फैजगंज



बेहटा, दबतोरी, ओरछी, मुड़िया धुरेकी सहित विभिन्न क्षेत्रों के पत्रकार शामिल हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हाजी एम. सगीर, प्रमोद मिश्रा, सुधाकर शर्मा फौजी, चंद्रपाल शर्मा, सचिन जौहरी, ह्रदेश तिवारी, राजकुमार मौर्य, सुनील मिश्रा, विजय यादव, दानवीर सिंह, विपिन यादव, आईएम खान, पवन मिश्रा, दीपक ओरछी, प्रदीप पाल, कुलदीप ठाकुर, अभिषेक शर्मा, विनय मिश्रा, सर्वेश शर्मा, शिशुपाल सागर, मुनेन्द्र कुमार शर्मा,इसायत अली, आकिल अंसारी सहित तीन दर्जन से अधिक पत्रकार मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** बीते शुक्रवार को आसफपुर क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थानों , सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया । इस अवसर पर स्थानीय त्रिवेणी सहाय इंटर कालेज के अध्यक्ष नत्थू लाल शर्मा ने कालेज के प्रधानाचार्य करतार सिंह , उपप्रधानाचार्य मनोज कुमार गंगवार , योगाचार्य निखिलेश कुमार पाठक के सहयोग से राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इस अवसर पर योग शिक्षक निखिलेश कुमार पाठक ने कालेज के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित स्वर्गीय त्रिवेणी सहाय ( दद्दा जी ) के व्यक्तित्व व कृतित्व पर संक्षिप्त प्रकाश डाला । इस दौरान विद्यालय में छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए। इसी क्रम में स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान परिसर में संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण अधिकारी पंकज कुमार , प्रेम सागर यादव के सहयोग से ध्वज फहराया और देश भक्ति नारों का उदघोष किया । इसी दौरान क्षेत्र के गांव सीकरी में स्थित नामचीन विद्यालय लाला छोटे लाल स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक अनूप कुमार पाराशरी ( कवि पंकज आसफपुर ) ने विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास चंद्र शर्मा व प्रबंधन समिति के सदस्य डॉक्टर मुनेंद्र कुमार शर्मा के सहयोग से राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इसके साथ ही स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर यहां के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर हिमांशु कुमार ने समद अली , ओंकार सिंह , एच एल शर्मा , रमाकांत वार्ष्णेय , जहीन मिर्जा , वार्ड वाय अंकित कुमार , विकास यादव , विवेक कुमार के सहयोग से ध्वज



फहराया । इसके साथ ही स्थानीय खंड विकास कार्यालय परिसर में स्थित शाहिद स्मारक पर यहां के प्रधान लिपिक , ए डी ओ पंचायत लोकमन सिंह , ए डी ओ आई एस बी भूपेंद्र सिंह , सचिव गजेंद्र पाल सिंह , विनेश कुमार , कपिल कुमार गौतम , धर्मवीर सिंह , अवधेश कुमार , बी एम एम अरुण कुमार , राजेश कुमार , वीरेश कुमार , विकास शर्मा वेद प्रकाश शर्मा ,भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष हंस मुखी मौर्य के सहयोग से यहां के ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसी क्रम में स्थानीय मैं अनन्या फिलिंग स्टेशन के स्वामी अनूप कुमार पाराशरी ( कवि पंकज ) ने एडवोकेट अमित कुमार शर्मा व फर्म के अन्य कार्मिकों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इसके अलावा क्षेत्रीय गांव दबथरा में स्थित संवि. लियन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्वाति अग्रवाल , सहायक अध्यापक दिवा शंकर यादव सहित समस्त स्टाफ के सहयोग से यहां के ग्राम प्रधान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इसके अलावा स्थानीय खंड शिक्षा कार्यालय , विद्युत उपखंड कार्यालय , उप डाक घर , पंजाब नैशनल बैंक शाखा , जिला सहकारी बैंक शाखा , पंचायत भवन कार्यालय , बाल विकास परियोजना कार्यालय , पुलिस चौकी , राजकीय कृषि रक्षा इकाई केंद्र पर गोदाम प्रभारी मुक. ेश कुमार मिश्रा ने ध्वज फहराया। साथ ही क्षेत्र के गांव कौरेरा में संवि लियन विद्यालय के प्रधानाध्यापक कालीचरन यादव व ग्राम प्रधान मनोज कुमार यादव ( एडवोकेट ) ने ध्वज फहराया । इसके अलावा गांव नहडोली , सीकरी , श्यामपुर , मोहकमपुर , मलखानपुर , नरौरी - नरौरा , स्थानीय एम पी पब्लिक स्कूल , आदि जगहों से स्वतंत्रता दिवस धूम धाम से मनाने की खबरें मिली है।

# वजीरगंज में भाजपाईयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** देश के वीर शहीदों के सम्मान में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी द्वारा कस्बे के गंगा देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया भारतीय जनता पार्टी के नेता विश्वजीत गुप्ता और पार्टी जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया शोभायात्रा का कस्बे में भ्रमण के दौरान लोगों ने फूल वर्षा कर



स्वागत किया। कस्बे के गंगा देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से भाजापाईयों द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा को भारतीय जनता पार्टी के नेता विश्वजीत गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह राठौड़ ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर शोभायात्रा को रवाना किया हाथों में तिरंगा झंडा लिए लोगों भारत माता की जय अमर शहीदों की जय के नारे गूंज रहें थे वहीं डीजे पर बज रहे देश भक्ति गीतों एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया जा रहा था। तिरंगा यात्रा हाईवे होती हुई मैन बाजार होली चौक आबला रोड के साथ-साथ नगर में भ्रमण करती हुई वापस सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जाकर समाप्त हुई तिरंगा यात्रा पर नगर वासियों ने जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राघव सिंह राहुल वार्ष्णेय जयपाल दिवाकर सदस्य जिला पंचायत अनुज सक्सेना पूर्व मंडल अध्यक्ष रिधिपताप प्रताप सिंह नरेश गुर्जर टीनू प्रताप सिंह उपेंद्र सिंह मौर्य आदि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता मौजूद है।

# नगर में निकाला गया मातमी जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मोहल्ला गदरपुरा से गमगीन माहौल में या हुसैन की याद में चेहल्लुम का मातमी जुलूस निकाला गया जो की नगर के मुस्लिम बहुल इलाकों में होते हुए सराय मोहल्ला से निकलकर ईदगाह कर्बला में जाकर या हुसैन की याद में चेहल्लुम का ताजिया सुर्पुदेखाक किया गया इस दौरान जुलूस मैं सुरक्षा के लिहाज से बिसौली कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा ।

# स्वतंत्रता दिवस के दिन नगर की चेयरपर्सन सीमा चौधरी रही गायब

**अंकित कुमार गुप्ता ,शाह टाइम्स**

**रुदायन।** आज नगर में 79 वें स्वतंत्रता दिवस के महापर्व पर नगर पंचायत रुदायन में नगर की अध्यक्षा सीमा चौधरी रही गायब। आपको बताते चले ऐसे महापर्वो पर मौजूदा अध्यक्षा सीमा चौधरी उपस्थित नहीं रहती है। नगरवासियों का कहना है कि इतने बड़े पद पर विराजमान मौजूदा अध्यक्षा सीमा चौधरी को तो इस्तीफा दे देना चाहिए। एक तरफ हमारे भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी जो कि दिल्ली के लालकिले पर तिरंगा फहराते है इधर




नगर पंचायत रुदायन कि मौजूदा अध्यक्षा सीमा चौधरी हवा हवाई हो जाती है। नगरवासियों का कहना है कि अध्यक्षा पूरे एक साल से गायब है तो नगर पंचायत चला कौन रहा है जेठ, ससुर या रिश्तेदार ।

# कोतवाल ने लगाए पौधे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बिसौली रोड स्थित श्री पदम प्रभु अतिशय तीर्थ क्षेत्र पद्मांचल जैन मंदिर पर शुक्रवार की शाम अरिहंत वृक्षारोपण समिति के बैनर तले पर्यावरण मित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आजकल, जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण, वनों की कटाई और प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। इससे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए, पौधरोपण करना और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इसके पश्चात पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले युवाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मंदिर परिसर में उन्होनें पौधे भी लगाएं। इस मौके पर प्रशांत जैन, भाजपा नगराध्यक्ष आदित्य माहेश्वरी, राजीव कुमार, अवधेश पाराशर, देव ठाकुर, डॉ नीरज अग्निहोत्री, अमन गिरी, बबलू कुमार, वंश गिरी, गिरीश चंद्र शर्मा, केशव वार्ष्णेय, श्रीकृष्ण गुप्ता, विष्णु असावा, अनुज वार्ष्णेय, पीयूष वार्ष्णेय, मृगांक जैन आदि मौजूद रहे।

# गौवंशों की भूख के कारण हो रही मौत शव को सड़क पर फेंक रहे प्रधान

## गौशाला में 50 गौवंश कागजों में दर्ज,10-12 मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** ब्लॉक अम्बियापुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरगनपुर की गौशाला में 50 गाय कागजों में दर्ज है ।

सूत्रों की माने तो इस गांव की गौशाला में 10-12 गाय मौजूद है उनकी भी हालत बेहद खराब है। हरगनपुर के ग्राम प्रधान की लापरवाही की वजह से गौशाला की गाय मरने के बाद सड़क पर फेंक दी जाती है। जिले में कई जगह गोवंशों की दुर्दशा का सिलसिला बदसूरत जारी है शहर की नगर पालिका से लेकर गांव देहात तक की गौशालाओं में गोवंशों की मौत हो रही है। जिस पर जिले के जिम्मेदार अधिकारी एक दूसरे अधिकारी टाल मटोल करके खामोश हो जाते हैं और गोवंशों की दुर्दशा हो रही है।

पशु प्रेमी प्रखर अग्रवाल ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत की गौशाला में प्रधान की हठधर्मिता की वजह से गौवंश को चारा भी नसीब नहीं हो रहा है। जिसकी वजह से गौवंशों की मौत हो रही ग्राम पंचायत हरगनपुर की गौशाला में 50 गाय कागजों में दर्ज है स्थिति यह हैं कि गौशाला में 10-12 गाय मौजूद है उनकी भी हालत बेहद खराब है ग्राम प्रधान गौवंशों को मरने के



बाद सड़क पर फेंक देता है। जबकि डीएम, सीडीओ,इसकी शिकायत भी की है उसके बावजूद भी कोई अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहा है ग्राम प्रधान प्रशासन की आंखों में धूलझोंक कर लाखों रुपए का सरकार को चूना लगा रहा है।जिसका खामियाजा बेजुबानों को झेलना पड़ रहा है।

# एक नजर

## डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने देश के स्वतंत्रता दिवस की 78वी वर्षगांठ और 79वे स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शहीद स्थल पर जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने पुष्प चक्र व फूल अर्पित कर शहीदों को नमन किया व उनके



द्वारा किए गए बलिदानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। वही कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम व अन्य अधिकारियों ने जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राष्ट्रगान भी हुआ। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि देश को आजादी बड़े यत्नों, बलिदानों, संघर्षों व त्याग के बाद मिली है। भावी पीढ़ी को इसका महत्व समझने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी को इस अवसर पर जिन अमर शहीदों, क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया उनको नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता एक अधिकार के साथ एक दायित्व व कर्तव्य भी है भारतीय संविधान नें हमें मौलिक अधिकार दिए हैं वहीं दूसरी ओर मौलिक कर्तव्यों का भी बोध भी कराया है। सभी को अपने इन कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। राष्ट्रीज ध्वज के बीच बने चक्र के बारे में उन्होंने बताया कि चक्र धर्म चक्र है और जिसका रंग नीला है। वह हमें कर्तव्यों का पालन करने का बोध कराता है तथा निरंतर गतिमान रहने को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि हमें अमर शहीदों के सपनों का सपनों को भारत बनाने के लिए यह आवश्यक है कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है वह उसको पूरे मनोयोग, ईमानदारी, कर्मठता व निष्ठा के साथ निभाए। उन्होंने कहा कि जिस देश के नागरिक सजग होते हैं वह देश अजय होता है व तरक्की करता है। इससे पहले डीएम ने जिलाधिकारी आवास पर भी ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी विकास चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने भी अपने उद्बोधन में अमर शहीदों को नमन किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बेकाबू मोटर साइकिल खेत के चारों ओर लगी तार से टकराई

## मोटर साइकिल चालक की हालत गंभीर,एक युवक का कटा हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** बिसौली - बीते दिन शुक्रवार को कोतवाली बिसौली क्षेत्र के हल्का नंबर एक के गांव दबथरा निवासी दो मोटर साइकिल चालक थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव मो. हकमपुर से मुड़िया धुरेकी मार्ग पर स्थित मेंथा प्लांट के निकट एक किसान के खेत के चारों ओर लगी तार कसी से टकरा गए जिससे दोनों मोटर साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए । ग्रामीणों व राहगीरों की सूचना पर पहुंची इमरजेंसी एंबुलेंस चालक किशनवीर व ई एम टी गुड्डू ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायल मोटर साइकिल सवारों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आसफपुर भर्ती कराया

जहां प्राथमिक उपचार चलते के दोनों युवकों की हालत गंभीर देखते डॉक्टरों की टीम ने जिला अस्पताल रैफर कर दिया । घटना की जानकारी मिलते ही घायल युवकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गए । बुरी तरह से घायल दोनों युवक बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाजरत हैं । 12 वर्षीय घायल अजय पाल पुत्र रिंकू यादव व 15 वर्षीय बबलू पुत्र धनपाल सिंह यादव दोनों नाबालिग मोटर साइकिल सवार बिसौली थाना क्षेत्र के गांव दबथरा निवासी बताए जा रहे हैं । यह दर्द भरी घटना बीते शुक्रवार देर शाम की बताई जा रही है । पीड़ित पक्ष की ओर इस घटना से संबंधित देर शाम तक पुलिस को लिखा पढ़त में कोई इत्तिला नहीं दी है ।

# ट्रक ने गोवंश को कुचला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उसावां रोड़ पर एक दर्दनाक घटना सामने आई है शुक्रवार रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंडी समिति पुलिस चौकी के पास सड़क किनारे गोवंश को ट्रक ने कुचल दिया घटना का वीडियो सामने आया है वीडियो में दिख रहा है ।

कि गोवंश ट्रक के अगले पहिए से तो बच गया लेकिन पिछले पहिए के नीचे आकर कुचल गया हादसे के बाद तक चालक वाहन लेकर भाग रहा था तभी स्थानीय निवासी विशाल शर्मा और उनके साथियों ने चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना



पर पहुंचे पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ,दीपेश दिवाकर ने घायल गोवंश को इलाज के लिए ले गए लेकिन उसकी मौत हो गई। विकेंद्र शर्मा की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। बताया जा रहा है ट्रक चालक पंजाब के रोपड़ जिले का निवासी तारसेम सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह के खिलाफ केस के दर्ज किया गया है। चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एआर फिलिंग सेंटर पर मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर ए आर फिलिंग सेंटर, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आंवला पेट्रोलियम डिपो के असिस्टेंट मैनेजर विपिन सक्सेना एवं डीलर रवि प्रकाश अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। सक्सेना ने पंप के कर्मचारियों को कर्तव्य निष्ठा व ईमानदारी से सेवा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर रोहित अग्रवाल, धर्मपाल पाठक, अक्षय, सचिन, सुखवीर, प्रेमवीर, विपिन, कुंवरपाल, किशोर, रामू सहित ग्राहक भी उपस्थित रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूँ में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े हर्षोल्लास, गरिमा और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. अरुण कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसके उपरांत प्रधानाचार्य ने उपस्थित सभी शिक्षकों, छात्रों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र-सेवा की शपथ दिलाई। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा "अपने-अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा और समयानुकूल कार्य करना ही सच्ची देशभक्ति है।" उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वर्तमान में राष्ट्र की सुरक्षा में लगे वीर जवानों के योगदान को रेखांकित किया। विशेष रूप से उन्होंने पूर्व सैनिक कल्याण संस्था के अंतर्गत कार्यरत सुरक्षा कर्मियों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनके अमूल्य



योगदान की सराहना की। डॉ. अरुण कुमार ने हाल ही में संपन्न "ऑपरेशन सिंदूर" में भारतीय सेना के उत्कृष्ट प्रदर्शन को विशेष रूप से उल्लेखित किया और सभी उपस्थितजनों से देश की सुरक्षा व प्रगति में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उप-प्रधानाचार्य डॉ. नेहा सिंह ने अपने संबोधन में देश की नारी शक्ति के अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला तथा छात्र-छात्राओं को वीरांगनाओं के शौर्य और बलिदान को स्मरण करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुक्तयाज हुसैन ने किया, जिन्होंने बीच-बीच में देशभक्ति गीतों और शायरियों के माध्यम से वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाए रखा। समारोह का समापन डॉ. सुनील कुमार द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रितुज अग्रवाल, डॉ. वेंकटनारायणा, डॉ. सीमा शरण, डॉ. विपिन कुमार, डॉ. अमित कुमार, डॉ. वशिष्ठ मिश्रा, डॉ. अमृता वाजपेयी, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. श्रावण कुमार भार्गव, डॉ. सुचेता यादव, डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. पुनीत कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी डॉ. लालेन्द्र यादव, डॉ. नितेश पति तिवारी, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. श्रीनिवासन गांधी, सहित सभी चिकित्सा एवं नर्सिंग संकाय सदस्य, कर्मचारी, लगभग 1000 छात्र-छात्राएँ तथा नर्सिंग/पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।


**लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन/सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | उगती | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता बदायूं सिटी 9259362222

धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता आसफपुर 7830155078

आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता सहसवान 8954188786

बीके तोमर संवाददाता खेड़ा नवादा बदायूं 94 12 30 2152

अनुराग मिश्रा संवाददाता वजीरगंज 9759 55 8639

बदायूं मे न्यूज एजेंसियों के लिए संपर्क करें जिला प्रभारी 7500 110 219 94118 272 21

## कमिश्नर ने स्वतंत्रता दिवस पर कमिश्नरी प्रांगण में किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयुक्त आवास में ध्वजारोहण किया।

उक्त के उपरांत कमिश्नर ने कमिश्नरी प्रांगण में भी ध्वजारोहण किया। कमिश्नर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा अमर शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर नमन किया। कमिश्नर ने कमिश्नरी प्रांगण में पौधारोपण भी किया। कमिश्नर ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी को दिलाने के लिए सरदार भगत सिंह, सुखदेव जैसे अन्य लोगों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिये, जिस कारण आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ हमारे देश के सभी लोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों का विश्लेषण करें और देखें कि कैसे और बेहतर कर सकते हैं। आज हमारे पड़ोसी देश में स्थिति खराब है, हमें भी सजग रहने और सतर्कता बरतने की आवश्यता है।

इस अवसर पर कमिश्नरी के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की कुर्बानी से ही मिली हमें आजादीः धर्मपाल

- पशुधन मंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर किया शुभारम्भ
- देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी गई प्रस्तुति




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जीआईसी ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पशुधन मंत्री द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में महापौर डा. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस बहुत महत्वपूर्ण पर्व है। उन्होंने 1947 से पूर्व के भारत और उसके बाद के भारत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जब देश के लिए लड़ाई लड़ रहे थे तो उन्होंने अपनी और अपने परिवार की चिंता नहीं की थी। पशुधन मंत्री ने अशफाक उल्ला खां का जिक्र करते हुए कहा कि जब वह छात्र थे उस समय उन्होंने आजादी के कार्यों में प्रतिभाग करना शुरू किया तो स्कूल से उनका नाम काट दिया गया, और परिवार को भी परेशान किया गया। फिर वह आंदोलनकारियों के पास चले गये, और बाद में अंग्रेजों ने उन्हें फांसी की सजा दी गयी। जब उन्हें फांसी के लिए ले जाया गया तब उन्होंने अपनी मां से कहा मैं आपकी इच्छा पूरी करने जा रहा हूँ, फांसी के फंदे के साथ शादी कर रहा हूं। इस अवसर पर कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीएम अविनाश सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य, सीडीओ देवयानी सहित गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एक नजर

## यतीम की हिमायत करने पर मिलती हैं बेशुमार नेकियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** शिया धर्मगुरू मौलाना मुबीन हसन ने कहा कि हदीस ए रसूल है कि जो लोग यतीम के सर पर मोहब्बत से हाथ फिराते हैं उनके हक में अल्लाह बेशुमार नेकियां लिख देता है।

मौलाना हसन यहां इमामबाड़ा ए चूड़ी बालन में शिक्षक इश्तियाक हुसैन के ईसाल ए सबाब के सिलसिले में आयोजित मजलिस को खिताब कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह यतीम की मदद पर अल्लाह नेकियों में इजाफा करता है, उसी तरह अगर आप उसपर जुल्म करते हैं तो उतने ही गुनाह के भागीदार बनेंगे। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन ने नबी की इसी हदीस को करबला में आत्मसात किया। अपनी एक घंटा धारा प्रवाह तकरीर के दौरान उन्होंने अनेक समाजिक पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इंसाफ करते वक्त रिश्ते नाते अमीर गरीब का भेद न करके जिसने इंसाफ कायम किया वो शख्स नबी ए करीम के साथ जन्नत में दाखिल होगा। बाद में मौलाना ने शोहदा ए करबला के फ्जाइल फिर मसाईल ब्यान किए।

## उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर व क्षेत्र में यौम ए आजादी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी संस्था, निजी संस्था आदि में उनके मुखियों द्वारा झंडा पहराया गया। नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष कंबर एजाज शानू ने झंडा फहराने के उपरांत यौम ए आजादी के पर्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह आजादी हमारे वीर सपूतों की कुर्बानी के बाद नसीब हुई है, हमारा कर्तव्य है कि हम इसे हिफाजत से रखें।

इधर क्षेत्र के गांव रूपपुर पैगा के प्रधान नाजिम अली ने भी झंडा फहराने के बाद कौम को खिताब किया।

## आन बान शान के साथ फहराया गया तिरंगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** शीशगढ़ क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया सरक. ारी अर्धसरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपंचायत कार्यालय पर चेयरमैन नीलोफर पत्नी हाजी गुड्डू ने झंडा फहराया नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी गुड्डू ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। थाना शीशगढ़ में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने, हाजी दूल्हा बेग इंटर कालेज में अध्यक्ष अब्दुल वहीद सिद्दीकी ने लोटस एकेडमी में प्रबंधक विपिन सिंह ने, स्वामी सोमनाथ इंटरकालेज मानपुर में प्रबंधक डाक्टर धर्म सिंह ने स्वामी सोमनाथ प्राइवेट आईटी आई में अजय सिंह ने, एनडी एकेडमी में डाक्टर धर्म सिंह ने ध्वजारोहण किया।

कल्याण राय राजपूत इण्टर कालेज में प्रबंधक चरन सिंह ने स्वामी विवेकानंद इण्टर कालेज में चौधरी वीरेंद्र सिंह ने ध्वजारोह किया।

**वहीं** विधायक डाक्टर डीसी वर्मा के नेतृत्व में शीशगढ़ कस्बे में तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें देशभक्ति के गीत भी गाए गए। तिरंगा यात्रा में रामौतार मौर्य, प्रवेश कुमार देवल, अंकुश गुप्ता, प्रमोद कुमार, देवल आदि मौजूद रहे।

## नीट में मिली सफलता तो खिल उठे चेहरे

- गिरधरपुर के मोहम्मद साकिब को लखीमपुर के मेडिकल कॉलेज में मिला एडमिशन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बहेड़ी तहसील के गांव गिरधरपुर निवासी इरशाद अहमद उर्फ बनने चौधरी के पुत्र मोहम्मद साकिब को एमबीबीएस में एडमिशन मिलने पर परिवार में खुशी का माहौल है। काउंसलिंग में मोहम्मद साकिब को ऑटोनोमस स्टेट मेडिकल कॉलेज लखीमपुर खीरी में प्रवेश मिला है। मोहम्मद साकिब ने सफलता पाकर अपने गांव का नाम रोशन किया है।

मोहम्मद साकिब एक होनहार युवा है, उसने नीट की परीक्षा में तीन बार असफलता मिलने पर भी हिम्मत नहीं हारी। बड़े भाई मास्टर फैयाज ने हौसला बढ़ाया, और एक बार फिर नीट की परीक्षा की तैयारी कराने के लिए कोटा राजस्थान भेज दिया।

चौथी बार में मोहम्मद साकिब को कामयाबी मिली तो परिवार में खुशियां छा गईं। मोहम्मद साकिब को सफलता मिलने पर उनके हौसले बुलंद हैं, अब उनका स्पेशलिस्ट डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना उनका सपना है। परिवार के सहयोग से वह इस सपने को साकार करके ही दम लेंगे। गिरधरपुर में नीट परीक्षा में यह तीसरी सफलता है। सबसे पूर्व गिरधरपुर निवासी नजीर अहमद की पुत्री व उसके बाद मोहम्मद नवी बाबूजी के पुत्र सरफराज हुसैन एमबीबीएस डॉक्टर बनने का गौरव हासिल कर चुके हैं।

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरुनगला 2 में फहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शीशगढ़।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरुनगला 2नगर क्षेत्र बरेली में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आरएएफ बटालियन ने भी प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य इंचार्ज फरहा बेगम ने ध्वजारोह। किया ध्वजारोहण के उपरांत स्वतंत्रता संग्राम एवं आजादी के विषय में बच्चों को विस्तार से बताया गया। बच्चों ने देशभक्ति के गीत एवं कार्यक्रम प्रस्तुत किए कार्यक्रम का संच. ालन इंचार्ज फरहा बेगम ने किया।

## शान से फहराया गया तिरंगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना परिसर व क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। विभिन्न स्कूलों में संस्कृतिक कार्यक्रम में हुये और देशभक्ति गीत गाए गए तिरंगा यात्रा निकाली गईं लोगों ने यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। शुक्रवार को कस्बे के रेड रोजेज पब्लिक स्कूल में प्रबंधक अजय सक्सेना ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य,नाटक प्रस्तुत कये। प्रधानाचार्य प्रियंका सक्सेना ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। श्री गुरु हरि कृपा इंटर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्ष उल्लाष के साथ मनाया गया, जिसमें छात्र,छात्राओं ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति की. प्रधानाचार्य राजीव मिश्रा जी ने स्वतंत्र भारत के बारे में सम्बोधन किया।यूनिक मॉडल इंटर कॉलेज में अध्यक्ष विजय गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। प्रबंधक रमन कुमार जायसवाल ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी।

इस मौके प्रधानाचार्य जसवीर सिंह व कॉलेज का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र यादव ने ध्वजारोहण किया ब्लाक के कर्मचारी मौजूद रहे।थाना परिसर में थाना प्रभारी सुरेंद्र पाल सिंह ने ध्वजारोहण किया।इस मौके पर चौकी प्रभारी अनूप कुमार,एसएसआई विश्वदेव सिंह, एसआई पंकज कुमार, एसआई मांगेराम के साथ साथ समस्त पुलिस फोर्स मौजूद रहा। विधायक प्रतिनिधि संजय चौहान ने सचिन चौहान के आवास से तिरंगा यात्रा निकाली गईं।

मीरगंज विधायक डॉक्टर डीसी वर्मा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रा लोधीनगर चौराहा ब्लाक कार्यालय चिटोली रोड होते हुये उनासी चौरहा पर समाप्त हुई।यात्रा में सैकड़ो लोगों ने भाग लिया।

## डीएम ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया ध्वजारोहण



- स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया। उसके बाद उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों के साथ राष्ट्रगान गाया।

डीएम ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिवार की ओर से सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। डीएम ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े अधिकारी, सैनिकों को शुभकामनाएं दीं, और कहा कि हमारा देश पहले सोने की चिड़िया के रुप में जाना जाता था, पुनः उसे 2047 तक सोने की चिड़िया बनाएगें, और उसे विश्व गुरू बनाएगें। कुछ लोग नकारात्मक सोच के होते हैं जो विभिन्न वादों का सहारा लेकर देश में दिवारें खड़ी करने की कोशिश करते रहते हैं, लेकिन हमें समझना होगा कि धर्मवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, सम्प्रदाय वाद आदि इन सबसे ऊपर है राष्ट्रवाद। इसके साथ हमें कर्मवाद को अपनाना होगा, कर्म के माध्यम से ही 2047 के स्वप्न को हम पूरा कर सकते हैं। इस अवसर पर डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे।

## चेहल्लुम पर निकला जुलूस लहूलुहान होकर रोए अजादार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** हजरत इमाम हुसैन अ.स. की शहादत की याद में शिया समुदाय के अकीदतमंदों ने चेहल्लुम का जुलूस निकाला। मोहर्रम से लेकर चेहल्लुम तक पूरे दो महीने तक मातमी मजलिस का सिलसिला लगातार जारी रहा, जिसकी पराकाष्ठा शुक्रवार को निकले इस मातमी जुलूस में देखने को मिली।

इससे पहले शहीदाने कर्बला का चेहलुम का आगाज इमामबाड़ा खुर्द की मजलिस से हुआ। मौलाना तंजीम हुसैन जैदी ने खिताब किया। वहीं दरगाह हजरत अब्बास पर रज्जन जैदी ने मर्सिये के अंदाज में मजलिस पढ़ी। मजलिस खत्म होने के बाद अजादार दरगाह मौला अली पर जमा हुए। जब यहां से ताजिया बाहर आया तो माहौल गम से भर गया। नौहेखघ्वान ने नौहा पढ़ा "कैद से जब के आबिद रिहा हो गए", तो अजादार सीना पीटकर फूट-फूटकर रोने लगे। उसके बाद जुलूस बस्ती का गश्त करता हुआ मेन रोड पर पंहुचा। जुलूस में शामिल अजादारों ने सीना-जनी और जंजीर का मातम किया। नौहों और मातमी आलम के बीच शिया समुदाय के लोग अपने शरीर को लहूलुहान करते हुए इमाम हुसैन की शहादत को याद कर रो पड़े। जुलूस में बड़ी तादाद में बच्चे भी शरीक रहे, जिन्होंने मातमी परंपरा को निभाते हुए अकीदत का इजहार किया। चेहल्लुम का यह जुलूस मेन रोड से होकर गुजरा। हर गलीखक्रूचे में "या हुसैन" की सदाएं गूंज उठीं। जुलूस जब कर्बला पहुंचा तो अजादारों ने अंतिम मातमी रस्में अदा कीं और ताजियों को सुपुर्द-ए-खघक किया गया। जुलूस को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुखघ्ता इंतजाम किए थे। भारी संख्या में पुलिसकर्मी जुलूस के साथ-साथ चलते रहे, और पूरे रास्ते सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे।

जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में डॉ. अकील जैदी, असद जैदी, मुस्तैहसन जैदी, लख्ते हैदर, मुनीब हुसैन, काशान जैदी समेत बड़ी तादाद में अकीदतमंद शामिल रहे।

## भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण कर मोहा मन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भगवान श्री कृष्ण का रूप धारण कर ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि डॉक्टर एके गंगवार और डॉक्टर मीनाक्षी गंग. वार के पुत्र ने सभी का मन मोह लिया। वहीं नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे के मंदिरों में सजावट की गई, इसके साथ ही गंगा मंदिर चौराहे पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस अवसर पर सरकारी, अर्ध सरकारी कार्यालयों के साथ शिक्षण संस्थानों में उनके प्रमुखों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और सलामी लेकर लोगों की इसकी शुभकामनाएं दीं।

कस्बे की मुंसिफ कोर्ट में न्यायिक मजिस्ट्रेट विनेश कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और सलामी लेते हुए मौजूद अधिवक्ताओं और कर्मचारियों को इसकी मुबारकबाद दी। इसके साथ ही तहसील में एसडीएम उदित पवार ने तिरंगा फहराया, इस दौरान तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने सभी को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इसके साथ ही नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिका अध्यक्ष प्रेमलता राठौर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। साथ ही कर्मियों को बधाई देते हुए अपना कार्य ईमानदारी से करने का आवाहन किया। इस दौरान उनके पति भाजपा नेता नीरेंद्र सिंह राठौर, अधिशासी अधिकारी आर आर अंबेश के साथ ही कई सभासद मौजूद रहे। ब्लॉक कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने ध्वज फहराया। एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यालय पर अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, उपनिबंधक कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक निशात अकबर काजमी, कोतवाली में सीओ नीलेश मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

इस अवसर पर प्रमुखों ने राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर आपसी मतभेद भुलाकर देश को मजबूत करने के साथ ही अपने अपने कार्य ईमानदारी से किए जाने का आवाहन किया।

इसके साथ ही आदर्श महाविद्यालय, आपूर्ति कार्यालय, स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, श्री कृष्ण इण्टर कॉलेज, जेपीएन इण्टर कॉलेज, जीजस एंड मेरी इंटर कॉलेज, फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में भी उनके प्रमुखों ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।



## गरगईया में शांति और सौहार्द्र के साथ मनाया गया चेहल्लुम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कत्ले हुसैन असल में मर्गे यजीद है, इस्लाम जिन्दा होता है हर करबला के बाद।

क्षेत्र के गाव गरगईया में हजरत इमाम हुसैन के चालीसवे पर शनिवार को शांति और सौहार्द के साथ शनिवार को चेहल्लुम मनाया गया। इस अवसर पर उनके और उनके जांनिसारों द्वारा दी गई कुर्बानियों का जिक्र करते हुए उनकी शहादत को याद किया गया। जगह जगह सबील लगाकर लंगर लगाए गए।

बरेली पीलीभीत हाईवे किनारे ग्राम गरगईया में पांच ताजियों के साथ ही ग्राम ईंधजागीर, यासीन नगर बरखन, खतौआ, जरेली, सुतईया के एक दर्जन से ज्यादा ताजिओं के साथ जुलूस निकालकर हसन हुसैन को याद किया गया।



इस दौरान ग्राम में आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए मस्जिद के मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन ने अपनी अजीम कुर्बानी के जरिए न सिर्फ इस्लाम को बचाया, बल्कि इंसानियत को बचाया। साथ ही यजीदीयत और बुराई को रूसवा किया। हर इंसान को चाहिए कि वह इमाम हुसैन के बताए रास्तों पर चलें। क्योंकि उन्होंने कुर्बानी देकर इस्लाम और इंसानियत को फिर जिन्दा कर दिया। उन्होंने कहा कि कर्बला की जंग में नौ लाख यजीदियों के सामने इमाम हुसैन के 72 साथियों थे, इसके बावजूद उन्होंने अपनी कुर्बानी पेशकर इस्लाम और इंसानियत को बचा लिया। इससे यह साबित होता है कि हक वाले कम भी हो तो बातिल से नहीं हारता। हक और सत्य की हमेशा जीत होती है। चेहल्लुम के अवसर पर नई बस्ती के छोटे, पप्पू, कदीर अहमद, असलम, इस्लाम, सरताज, काशिम, अमन, आफाक अहमद, पप्पू शाहिद अंसारी, आफताब, तस्लीम, नसीम, फैजान, इंजार हुसैन, आबिद, आसिफ हिन्द ढाबा, सफाकत, सहीब मुर्गा शॉप, तालिब, फरियाद, अखलाक, शाकिर, तौहीद, नूरी, डॉक्टर अलीम आदि लोगों ने इसमें भागेदारी की।

## सारा शहर मेजबान और जायरीन होंगे मेहमान

- पौधे रोप कर दिया गया हरियाली का पैगाम, उर्स की तैयारियां अंतिम पड़ाव पर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उर्स-ए-रजवी का आगाज सोमवार को हो जाएगा। तैयारियां अंतिम पड़ाव पर हैं। तेजी के साथ दरगाह से लेकर उर्स स्थल इस्लामिया मैदान में काम निपटाए जा रहे हैं। दरगाह और इस्लामिया गेट को लाइटों से सजाया गया है। इस्लामिया मैदान में आला हजरत के साहित्य समेत अहले सुन्नत के बुजुर्गों की किताबें कम दामों में उपलब्ध रहेंगी। दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने टीटीएस रजाकारों की समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। सभी को निर्देश दिए किए कि बाहर से आने वाले जायरीन को किसी तरह की कोई दिक्कत न आए। सभी के साथ प्यार मोहब्बत से पेश आएं। सभी तैयारियां सय्यद आसिफ मियां की निगरानी में चल रही हैं। जायरीन की खिदमत के लिए 1500 टीटीएस के वॉलिंटियर्स लगाए हैं। जो अभी से मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के लिए सारा शहर मेजबानी के लिए तैयार है। जिला इंतेजामिया, दरगाह इंतेजामिया के अलावा शहर के लोगों ने अपने स्तर से तैयारियां की हैं। जायरीन को ठहराने की व्यवस्था दरगाह के अलावा खलील स्कूल, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, कस्तूरबा बालिका इंटर कॉलेज, इस्लामिया ब्वॉयज, इस्लामिया बेसिक व किशोर बाजार के प्राइमरी स्कूल, शहर के मदरसों, मेहमानों खानो, शादी हॉलों में की गई है। पार्किंग के लिए भी जिला प्रशासन के कई स्कूल अधिकृत किए गए हैं। दरगाह के वरिष्ठ मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि इस्लामिया मैदान में 200 स्टालों का पुस्तक मेला लगाया जा रहा है, जो देश में लगने वाले मजहबी पुस्तक मेलों में बड़ा होता है। जिसमें कंजुल ईमान, फतावा रजविया, फतावा मुस्तफिया, आला हजरत की शायरी का नातिया दीवान के अलावा बहुत सी मजहबी किताबें उपलब्ध रहेंगी। परवेज खान नूरी, हाजी जावेद खान, शाहिद नूरी ने बताया कि उर्स स्थल पर जायरीन के रेलवे टिकट विंडो की व्यवस्था रेलवे द्वारा की गई है।

साथ ही समय सारिणी का बोर्ड भी जायरीन की सहूलियत के लिए लगाया जाएगा।

# जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## मसवासी सहित क्षेत्र में भर में रही स्वतंत्रा दिवस की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नगर पंचायत को स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर दुल्हन की तरह सजाया गया नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन दिनेश गोयल ने ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर राष्ट्रगान भी गया गया इस मौके पर ई ओ सचिन कुमार लेखा लिपिक अमित चंद्रा नवनीत नरेश सचिन ,राहुल, राजीव कुमार शर्मा, हरबन्स सागर, सभासद बृजनंदन सागर कुलदीप कुमार भगवती देवल जितेंद्र चंद्रा सोमपाल सागर, जमील अहमद, पूर्व चेयरमैन रघुवीर सिंह आर्य सचिन कुमार तथा सभी सभासद गण तथा गणमान्य नागरिक तथा महिलाएं उपस्थित रहे। वही नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस दौरान सभा को भी संबोधित किया ओर आजादी का महत्व को समझाया सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में सभापती राजेन्द्र कुमार सक्सेना द्वारा ध्वजारोहण किया गया नगर में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा देशभक्ति गीतों के साथ सभी बच्चे हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति गीतों को गाते हुए चल रहे थे जिसे नगर वासियों ने बड़े ही उत्साह से देखा इस मौके पर सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओ ने देश भगती गीत नाटक व नृत्य प्रस्तुत किये जिसने सभी को भाव विभोर किया इस मौके पर सभा पती राजेंद्र कुमार सक्सेना ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज का दिन हमे उन वीर योद्धाओं की याद दिलाता है जिन्होने अपनी जानकी परवहा किये बिना देश को आजाद कराने मे एहम भूमिका निभाई हमे उनकी कुर्बानियों का हमेशा सम्मान करना चाहिए वही अन्त मे प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश दीक्षित ने सभी का धन्यवाद करते हुए स्वतन्त्रा दीवस की शुभकामनाए दी इस दौरान पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य पूर्व चेयरमैन रघुवीर सिंहआर्य, ,देवेंद्र कुमार गोयल ,शिशुपाल चौहान, मिठाई लाल करुणा चौहान गणेश दत्त जोशी, विकास देवल सूरज सिंह, देवेंद्र वर्मा, आदि शामिल रहे ।वही वतन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल मे प्रधानाचार्य इस्लाम अली ने झंडा फहराया वही मझरा खुशहालपुर के प्रधान साजिद अंसारी ने ,मानपुर उत्तरी मे प्रधान साजिद अली ने, मोती पुरा खोद मे प्रधान हामिद अंसारी, आर सल पार्सल मे प्रधान फारूक अली अंसारी ने, झंडा फहराया मदरसा दरसुल ऊलूम मे सेकेट्री मास्टर मोहम्मद अय्यूब ने झंडा फहराया तथा नगर एवं क्षेत्र के अनेक शिक्षण संस्थान एवं दफ्तरो मैं ध्वजारोहण किया गया तथा धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । इसके अलावा पुलिस चौकी मसवासी में चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।





## विधायक व पालिकाध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने नगर पालिका परिषद में ध्वजारोहण किया इस दौरान उनकी पत्नी पालिका अध्यक्ष रेशमा परवीन भी मौजूद रही।

इस दौरान राष्ट्रगान हुआ शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया बाद में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के हमारा देश आजाद हुआ था हमें अपने संविधान की रक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने देश के शहीद हुए लोगो के अमर शहीद हैं जिन्होंने देश के लिए कुर्बानियां दी है उन्हें हमे कभी नही भूलना चाहिए। उधर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अमन दयोल ने तहसील प्रशासन के साथ ध्वजारोहण किया। इस राष्टीय गीत गाया गया।

स्वार अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी डॉ अजीम अहमद ने ध्वजारोहण किया, इस दौरान सभासदों अनीस अहमद,अकील खां, अकील अंसारी, नसीर अहमद अंसारी, इस्लाम अंसारी, जमील अहमद, बंटी, हामिद अल्वी, इरफान अल्वी, विधायक सलाहकार दीपक नागर, नाहिद खां, शफीक बाबू, राशिद अंसारी, शारिक अंसारी व तहसील में तहसीदार कानूनगो जहीन आलम खां, रियाज अहमद, अब्दुल सरूर, कुलदीप भटनागर आदि लोग मौजूद रहे।



## सपाइयों ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के कैंप कार्यालय में 15 अगस्त के अवसर पर झंडा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट ने देश को आजाद कराने वाले वीर सपूत स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश आजाद करने के लिए अपने देश के बच्चों के भविष्य के लिए अपनी कुर्बानी दी थी देश कभी भी महान सपूत स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को नहीं भूलेगा। हमारे देश को आजाद हुए 78 वर्ष हो गए अब हमें अपने देश को विकासशील देशों में शामिल करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका रामपुर प्रति. निधि डॉक्टर अब्दुल सलाम और नगर पालिका बिलासपुर के प्रतिनिधि अतहर खान, राम बहादुर दिवाकर, नरेश यादव, हाफिज नूरी, आसिफ अली, जमील सैफी, अब्दुल्ला, डॉक्टर इंतजार, डॉक्टर मकतूब अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## टाण्डा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरक. ारी व अर्ध सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया।स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।नगरपालिका कार्यालय पर पालि. काध्यक्ष साहिबा सरफराज ने ध्वजारोहण किया। पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और ईओ वंदना शर्मा ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। पालिकाध्यक्ष ने नगर में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का वर्णन किया।

इससे पूर्व सभासद एम सगीर ने कहा कि खुशी है कि नगर में ढाई साल के बाद विकास कार्य शुरू हो गए हैं,लेकिन जिस गति के साथ विकास पहिया दौड़ना चाहिए था,वह नहीं हुआ।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि सभासद ह वक्त आप से नहीं मिल सकते, हम अपनी समस्या व्हाट्सएप के जरिये आपको अगवत करवा सकते हैं। जिस पर आपको समाधान के सम्बंध में जबाब देना चाहिए।

इस अवसर पर अध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती और जेई अभिनेष तिवारी सहित सभासद तस्लीम पहलवान, मतलूब मुन्ना, शिवप्रसाद,मोहम्मद शफीक,महमूद नायक और नेता अफसर आदि मौजूद रहे।

नगरपालिका कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और ईओ वंदना शर्मा ने झंडा चौक पर वृक्षारोपण किया गया।अधिशासी अधिकारी ने मनसब अली स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां स्टेडियम में लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

उधर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर ने ध्वजारोहण किया।उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए बलिदान देने वाले सपूतों को याद करते हुए स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला।लेखपाल सहित सभी राजस्व कर्मियों को अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन करने के निर्देश दिए।उधर व्यापार मंडल के कार्यलय पर भी व्यापार मंडल के पद अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया

इस अवसर पर तहसीलदार निश्चय कुमार,नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित,अमित कुमार और लेखपालों सहित भाकियू के नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,जिला सचिव साबिर अली,रफीक,फरीद खां, हसीन खां, हसीब, नजाकत अली, वारिस चौधरी, फिरासत अली गामा, जावेद, इंतिजार अली और हसीब,व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशर्रफ अली, आशीष वर्मा, अब्दुल समद, वकील एडवोकेट, सलीम कसगर, अब्दुल रशीद, तसलीम, हाजी बहाब, विनोद कुमार वर्मा, जफरयाब, मोहम्मद उस्मान, आदि मौजूद रहे।





## भाकियू (इंडिया) ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर के दिशा निर्देश अनुसार जिला अध्यक्ष बाबू अली के नेतृत्व में एवं उनकी पूरी टीम ने मिलकर 15 अगस्त के मौके पर अने. कों कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके अंतर्गत ध्वजारोहण कार्यालय भाकियू (इंडिया) पर, कामयाब तिरंगा रैली और इसके साथख्साथ काशीपुर गांव भेंट कि गई और वहां विद्यालय में मुख्य अतिथि कि भूमिका पर अनेकों कार्यक्रम में उपस्थित दर्ज कि और वृक्षारोपण उनका खास विषय था जिसके अन्तर्गत 300 पौधों का वितरण सफलता पूर्वक बच्चों को करा गया और यह टार्गेट दिया गया इसके साथ साथ झंडा आरोहण राष्ट्रीय गान कराया गया।

जिला अध्यक्ष बाबू अली ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया और यह संदेश दिया कि इसी तरह कारवां को आगे बढ़ाने का काम जारी रखा जायेगा और ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को भकियू (इंडिया) से जोड़ा जाएगा।




## नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस जिले भर में धूमधाम से मनाया गया जिसमें सरकारी तथा गैर सरकारी विभागों, स्कूल, कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही।

इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी स्वतंत्रता दिवस अपने अपने अंदाज में मनाया रामपुर के पीपल वाला घेर निवासी अब्दुल रऊफ के पुत्र मो. जरियाब तथा आवास विकास नूर महल कॉलोनी स्थित बब्लू की बेटी सिदरा हसीब ने भी आजादी का जश्न मनाया।

इस दौरान उनके परिजनों ने भी बच्चों का सहयोग किया।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में परंपरागत रूप से ध्वजारोहण किया।

इस दौरान विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान और देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि देश को आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के परिणामस्वरूप मिली है, जिसे हमें हमेशा संजोकर रखना है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने कर्म एवं आचरण से देश की प्रगति में योगदान दे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त भारत का निर्माण करे। उन्होंने कहा कि देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए आवश्यक है कि जो जिस पद पर कार्यरत है वह स्वयं की जिम्मेदारी सही ढ़ंग से निभाये और आम जनमानस की समस्याओं को गम्भीरता से सुने व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।



## स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर्स द्वारा संचालित वाई.एस.एस. फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस के एनडीएमसी के सम्मेलन केंद्र में रामपुर जनपद के मिलक निवासी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा को समाज हित में किया जा रहे वैज्ञानिकता से ओतप्रोत उत्कृष्ट साहित्य सृजन हेतु राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से रिटायर्ड आर्मी ऑफीसर्स ने मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। देश की 100 महान विभूतियों को अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों हेतु इस पुरस्कार से विभूषित किया गया।

उद्घोषिका द्वारा मंच से घोषणा की गयी कि डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा जिनका लेखन विश्व के महान नेता तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रशंसित किया गया है तथा जिनके सम्पादकीय लेखों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण ष्क्योंष के भाव का विवेचन करते हुए आध्यात्मिक व दार्शनिक विचारों का गंभीर चिंतन अभिव्यक्त होता है जो वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं, के साथ रेडियो वार्ताकार, दूरदर्शन कवि, शोध लेखक तथा 6 पुस्तकों के रचयिता को साहित्य जगत में उनकी उल्लेखनीय व उत्कृष्ट सेवाओं हेतु प्रदान किया जा रहा है।

डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा को यह पुरस्कार कैप्टन रामचंद्र पाठक ,कैप्टन कर्मपाल सिंह, मेजर पीके सक्सेना, मेजर बीके सक्सेना, मुकेश कुमार, सर्वेश जी सभी सेवा निवृत्त सैन्य अधिकारियों द्वारा प्रदत्त कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के अमन दीप सारण, महाराष्ट्र के प्रमोद एम.गुप्ता, राजस्थान के वैद्य श्यामसुंदर पारीक, उड़ीसा के डॉ. ए.के. पटेल आदि से भेंट और चर्चा हुई।



## व्यापारियों ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से प्रारंभ होकर बापू मॉल , मिस्टनगंज चौराहा, अनाज मंडी चौराहा से होकर गांधी समाधि पर तिरंगा यात्रा संपन्न हुई। इसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के निर्देशन में तिरंगा यात्रा संपन्न हुई और कहा कि यह तिरंगा पर्व है और हम इसे हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। साथ ही हमने ध्वजारोहण अपने कार्यालय पर करके तिरंगा रैली का शुभारंभ किया है। इस तिरंगा रैली में हजारों की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी शामिल हुए हैं रामपुर की सड़कों पर तिरंगा यात्रा निकालकर एकता एवं भाईचारे के मिसाल कायम की है ।सभी व्यापारी अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा को संपन्न करायेंगे। इस तिरंगा यात्रा में जगह-जगह चौराहा पर व्यापारियों ने संदीप अग्रवाल सोनी का फूल व माला डालकर स्वागत किया और व्यापारियों की रैली में मौजूद युवाओं पर भी फूलों वरसे स्वतंत्रता दिवस पर निकाली रैली को व्यापारियों की भीड़ ने आजादी के रंग में रंग कर देशभक्ति की भावना को दिखाया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, प्रदेश संगठन मंत्री फहीम अली, शाहाबाद अध्यक्ष अब्दुल समी, बिलासपुर नगर अध्यक्ष अनस खान, स्वार नगर अध्यक्ष अनवर अली, मिलक नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता, भुवनेश्वर भार्गव, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल ,शीवू खान , दिलशाद अहमद, साहाब खान, शादाब खान, बाबू खान, शाहिद खान, प्रवीण गुर्जर मीडिया प्रभारी आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।



## तारीखी बन गया जिला अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को 79 वां स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम जिला अस्पताल रामपुर में कुछ अनोखे अंदाज में मनाया गया। ऐसा कार्यक्रम पहली बार जिला अस्पताल की तारीख में हुआ था जिसे देख कर सभी हैरत में थे।

सुबह सवेरे पहले सफाई अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम को जन गण मन अधिनायक से आरंभ किया गया। देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया गया। इस बीच सीएमएस डॉ डी के वर्मा कुछ भावुक हो गए। पहले मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने आजादी का अमृत महोत्सव 5 कबूतर और पांच चिड़ियों को आजाद किया। जिला अस्पताल परिसर में 5 हरे पेड़-पौधे लगाए,रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच प्रोगाम में बेहतर बनाने के लिए सीएमएस डॉ डी के वर्मा ने खुद 5 देशभक्ति के सुंदर गीत गाए और 5 महीनों में 5 बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मचारी मुजीब अहमद, रवि, विजय, राजीव कुमार और राजेश कुमार को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित करके भविष्य में मजीद अच्छे कार्य करने की सलाह दी।

इस खूबसूरत कार्यक्रम का संचालन हरीश धोनी ने किया। 8:00 बजे जिला अस्पताल रामपुर की खूबसूरत इमारत पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा जी ने ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी।

इस अवसर पर सीएमएस ने 250 से ज्यादा स्टाफ को खिताब करते हुए कहा कि आजादी एक बहुत बड़ी नेमत है। हमें खुशी है हम आज आजाद भारत का 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना रहे हैं, उन्होंने कहा हर मखलूक आजाद रहना पसंद करती है, आजादी के जशन के बीच आज हम ने 10 परिंदों को आसमान में उड़ा कर यह संदेश दिया है हर मखलूक आजाद रहना पसंद करती है तो इन पक्षियों को भी आजाद किया जाए।

सीएमएस डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान को आजाद कराने में सभी ने अपना बलिदान दिया है जिसे हम भुला नहीं सकते। आज ही के दिन हमें अपने शहीदों को नमन करना चाहिए। पी एस एम कालेज की बच्चियों ने भी गीत-संगीत पेश किये।

आज सब से अहम बात यह भी रही जहा सभी को मिठाई बांटी गई वहीं सदर अस्पताल के सीएमएस डॉ डी के वर्मा की ओर से सभी भर्ती मरीजों और स्टाफ की तवाजों खीर और सिवई से की गई। आज दोपहर तक अस्पताल में जशन ए आजादी मनाई गई। इस कार्यक्रम में बिजेंदर सिंग, सौरभ पांडे, अनुभव सहित सभी स्टाफ और मीडिया कर्मी मौजूद थे



## रालोद कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू संचालन प्रदेश महासचिव रो. हलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बोलते हुए मोहम्मद उस्मान ने कहा कि देश की आजादी हमारे वीर जवानों ने कराई थी जिनका बलिदान हम कभी भुला नहीं सकते वही जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू ने कहा कि देश को आजाद करने में जितने महापुरुषों का बलिदान हुआ है। उन्हें शत-शत नमन क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एडवोकेट शशी वाला ने भी कार्यक्रम में बोलते हुए आजादी के महापुरुषों के बलिदान को याद किया उनके पति सुरेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव फिरोज आलम, क्षेत्रीय महासचिव महफूज खान, मीडिया प्रभारी प्रदेश महासर्. चव मुनाजिर हुसैन, नगर अध्यक्ष मंजू खान, मंडल अध्यक्ष तराना बेगम, मो. हसिन, शकील सैफी, नाजिया खान, क्षेत्रीय महासचिव नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सायमा, कमर खान, फुरकान अली, मुस्तकीम, गुलवेज, फरीद, रिजवान अली, कलावती, मनजीत कौर, इमरान खान आदि शामिल रहे।



# पीएसी जवान ने रायफल से की आत्महत्या

## जन्माष्टमी पर पूजा के बाद मारी गोली, घटना से घर में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** तहसील क्षेत्र के गांव ईश्वरदेवा निवासी पीएसी जवान हिमांशु (30) ने शनिवार को सीतापुर में ड्यूटी के दौरान अपनी इंसास रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया और परिवार बेसुध हो गया।

मंदिर में पूजा कर लगाया था स्टेटस। शनिवार सुबह ड्यूटी पर जाने से पहले हिमांशु ने सीतापुर पीएसी परिसर में बने मंदिर में पूजा की और भगवान के दर्शन करते हुए मोबाइल पर स्टेटस लगाया। परिजनों का कहना है कि जन्माष्टमी के दिन भगवान का आशीर्वाद लेने पर सभी खुश थे। किसी को अंदेशा भी नहीं था कि कुछ ही देर बाद ऐसा दर्दनाक हादसा होगा। हिमांशु की ड्यूटी सुबह सात से 10 बजे तक केंद्रीय आयुध भंडार के टॉवर संख्या एक पर लगी थी। करीब साढ़े आठ बजे अचानक उसने ड्यूटी के दौरान अपनी इंसास रायफल से गोली मार ली। आनन-फानन में



साथी जवानों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हिमांशु 2019 में पीएसी में भर्ती हुआ था। वर्तमान में वह सीतापुर स्थित केंद्रीय आयुध भंडार की सुरक्षा में तैनात था। एक साल पहले ही उसकी शादी बिजनौर जिले के नूरपुर थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव निवासी मोना से हुई थी। पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी जन्माष्टमी के दिन ही बेसुध हो गई। परिवार के लोग रोते-बिलखते सीतापुर के लिए रवाना हो गए। मृतक के तहेरे भाई यशवीर खटाना ने बताया कि हिमांशु बेहद हंसमुख स्वभाव का था। उसने आत्महत्या क्यों की, यह किसी की समझ में नहीं आ रहा। फिलहाल पुलिस ने हिमांशु का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। माना जा रहा है कि मोबाइल की कॉल डिटेल और चौट्स से आत्महत्या की वजह का खुलासा हो सकता है। हिमांशु की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, लोगों की आंखें नम हो गईं। घर का चिराग बुझ जाने से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। हर कोई यही सवाल कर रहा है कि जो जवान कुछ देर पहले मंदिर में भगवान के दर्शन कर रहा था, उसने अचानक यह आत्मघाती कदम क्यों उठा लिया।



हसनपुर। तहसील भवन के लोकार्पण के दौरान हवन में आहूति देते राज्यमंत्री व सांसद।

### नुमाइश में मारपीट युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददात**

**जोया।** थाना क्षेत्र के कस्बा जोया स्थित साप्ताहिक बाजार मैदान में लगे नुमाइश मेले में शुक्रवार देर शाम मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि मेले में कुछ युवकों के बीच झगड़ा चल रहा था। इस दौरान प्रधानों वाला मोहल्ला निवासी मोहम्मद जफर का बेटा अदनान भी मेले में पहुंच गया। तभी चोकीदारान मोहल्ला निवासी दो युवकों ने अदनान को लात-घूंसों और वेलटों से बुरी तरह पीट दियाद्य जिससे वह लहूलुहान हो गया।घटना के बाद मारपीट करने वाला दूसरा पक्ष मौके से फरार हो गया। घायल अदनान ने डिडौली थाने पहुंचकर दोनों आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने उसे उपचार के लिए जोया के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की जांच जारी है।

## गंगा के तेज बहाव में डूबकर छात्र की मौत

### दोस्तों के साथ गया था नहाने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दोस्तों के साथ नहाने गये छात्र की गंगा के गहरे पानी में डूब कर मौत हो गई। छात्र की मौत से परिवार में को. हराम मच गया। पुलिस लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी शिवम पुत्र सतपाल सिंह जाटव शनिवार की शाम करीब 3 बजे गांव के रहने वाले दोस्तों के साथ गंगा पर नहाने के लिए गया था। गंगा एक्सप्रेसवे पर मौजूद पहली पुलिया पर छात्र शिवम दोस्तों के साथ नहाने लगा। इस दौरान उसका पांव गहरे पानी में फिसल गया। जिससे वह डूबने लगा। साथ गये दोस्तों ने शोर मचाया लेकिन तब तक शिवम गंगा के गहरे पानी में समा चुका था। मौके पर काफी भी जमा हो गई तथा ग्रामीण पानी में डूबे हुए शिवम को तलाश करने लगे। सूचना मिलने पर डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने 3 घंटे के बाद डूबे हुए छात्र को पानी से बाहर निकाल लिया। डायल 112 एवं ग्रामीण छात्र को अस्पताल लेकर पहुंच गये। लेकिन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने शिवम आयु 17 वर्ष को देखते ही मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि शिवम के माता-पिता हरियाणा के हिसार में रहकर मजदूरी करते हैं। शिवम अपने चाचा मलखान के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में मुमेरे फुफेरे भाई घायल

**अमरोहा।** मुरादाबाद जिले के थाना कुंदरकी क्षेत्र के ऊंचाकानी गांव निवासी संजय कुमार व उनके ममेरे भाई राजन निवासी मछरिया थाना कठघर शुक्रवार 3 अगस्त को वृजघाट से जल लेने जा रहे थे। रास्ते में बुढ़नपुर स्थित हाईवे पर एक पम्प के सामने वे पानी पीने के लिए रुके। इसी दौरान पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर लगते ही दोनों फुफेरे-ममेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को चौधरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करायाद्य जहां से स्वजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए। फिलहाल दोनों का उपचार जारी है।शनिवार को घायल संजय कुमार के पिता शिवलाल ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा का मकसद प्रदेश का विकास

## राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र ने किया तहसील नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि सरकार का मकसद प्रदेश का बिना किसी भेदभाव के विकास कराना है। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है हर वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के दिया जा रहा है।

शनिवार को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण नरेन्द्र कश्यप ने हसनपुर तहसील के नवनिर्मित भवन के कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आजादी के पवन अवसर पर हसनपुर तहसील क्षेत्र की जनता के लिये इससे अच्छा तोफा और कोई नहीं होगा। इससे क्षेत्र की जनता का काफी लाभ पहुंचेगा। श्री कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में दूर दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को देखकर उनका हल करने के लिये प्रतिबद्ध है। किसान व मजदूर भाईयों को तहसील भवन के शुरू होने से काफी लाभ मिलेगा। सांसद कंवर सिंह तंवर ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता के लिये काफी खुशी का दिन है। वह काफी समय से नये तहसील भवन को चालू कराने की मांग कर रहे थे। अब एक ही छत के नीचे सभी कार्य एक साथ किये जायेंगे। जिससे समय की बचत होगी। विधायक हसनपुर महेन्द्र सिंह खडगवंशी ने कहा कि आज क्षेत्र की जनता के लिये गौरवशाली पल है। काफी समय से इसका इंतजार किया जा रहा था। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार जताया, कहा कि हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को सुविधाएं देने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय के लिये भी प्रयास जारी है जल्द ही इस तरफ भी सकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेंगे। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि यह तहसीलवा. सियों के लिये गौरव का क्षण है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि अभी जो समस्याएं शेष है उनका भी जल्द समाधान निकाला जायेगा। जनप्रनिधियों से वार्ता कर जनता की हर समस्या को दूर किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से पालन करें तथा लगन व मेहनत के साथ अपने काम को अंजाम दे। कोई समस्या आती है तो उसे अधिकारियों के समक्ष रखे। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी ने सभी को स्वत्रंता दिवस की बधाई देते कहा कि आज क्षेत्र की जनता के लिये गौरवपूर्ण क्षण है। काफी इंतजार के बार हम सभी के प्रयासों से यह काम संभव हो पाया है। उन्होंने तहसील परिसर में स्वच्छता बनाये रखने का आह्वान भी किया। इस मौके पर चेयरमैन राजपाल सैनी, सैदनगली चेयरपर्सन डॉक्टर अनुकृति,भाजपा अभिनव कौशिक, एसडीएम पुष्कर नाथ चौधरी, तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, चंद्रपाल खड्गवंशी, सतीश अग्रवाल, मुजाहिद चौधरी, चंद्रसेन अग्रवाल, फतेह सिंह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पांच लाख व कार के लिए विवाहिता का उत्पीड़न

### पति समेत पांच पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** ससुराल वालों ने विवाहिता को दहेज के लिए शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। विरोध करने पर मारपीट की और घर से निकाल दिया। मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नगर के मोहल्ला शफातपोता में मोहम्मद इकबाल का परिवार रहता है। उन्होंने अपनी बेटी सना की शादी 3 मार्च 2023 को जम्मू कश्मीर के उधमपुर जनपद के थाना मजालटा के मोहल्ला मन्नारा के रहने वाले आसिफ के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल वाले विवाहिता को दहेज के लिए शारी. रिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग करते हैं। कई बार दोनों पक्षों के बीच पंचायत हुई लेकिन ससुराल वालों को रवैया नहीं सुधरा। 10 सितंबर 2024 को ससुराल वालों ने विवाहिता के साथ मारपीट करके घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के घर रहती है। 10 अगस्त के दोपहर में विवाहिता अपने घर पर थी। तभी पति आसिफ अपने परिजनों के साथ घर में घुस आया और गालियां दीं। विरोध करने पर दहेज की मांग दोहराई। जान से मारने की धमकी दी। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में पति आसिफ, ससुर शेर मोहम्मद, सास मैधो बेगम, ननदोई शकील और अब्दुल रशीद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दुल्हन की तरह सजे मंदिर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर नगर के श्री राम मंदिर समेत अन्य सभी मंदिरो पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रेलवे स्टेशन के शिव मंदिर पर जागरण का आयोजन किया। जगह जगह श्री कृष्ण की ड्रैस, मुकुट, बांसुरी, मूर्तियों आदि की दुकानें सजी रहीं, जिन पर लोगों ने खूब खरीददारी की। मंदिरों पर भीड़ के चलते पुलिस भी सतर्क रही।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर नगर के नाईपुरा स्थित श्री राम मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। यहां पर आयोजित हो रही भागवत कथा का भी श्रवण किया। मंदिर में नगर व क्षेत्र के तमाम श्रद्धालु पहुंचे और भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की। नगर के बुध बाजार स्थित शिव मंदिर पर जागरण का आयोजन किया गया तो वहीं चौपला स्थित शिव मंदिर, बस्ती स्थित हनुमान मंदिर, इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ शिव मंदिर को भी रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। नगर के बस्ती अवंतिका चौक पर भी सुन्दर झांकी बनाई। सभी मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़



उमड़ी। हर कोई भगवान श्री कृष्ण की भक्ति में सरोबार नजर आया। लोगों ने अपने छोटे छोटे बच्चों को कान्हा के रूप में सजाने के लिये ड्रैस, बांसुरी, मुकुट आदि खरीदे। श्री कृष्ण के मुकुट और झूलों की भी खूब बिक्री रही। श्रद्धालुओं में जन्माष्टमी पर्व का उल्लास देखते ही बन रहा था। मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के कारण पुलिस भी सतर्क रही। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान व कस्बा चौकी इंचार्ज अतवीर सिंह चौहान, चौपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने मय पुलिस फोर्स के भ्रमण किया।

## बीएसएफ जवान ने दहेज के लिए पत्नी को निकाला

### छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शादी के दस साल बाद भी बीएसएफ में तैनात पति प्रताड़ित करता है। ससुर व बहनोई संबंध बनाने की कोशिश करता है। इतना ही नहीं विवाहिता को जान से मारने के इरादे से आग लगाने की कोशिश की गई। मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह मामला रजबपुर थानाक्षेत्र के गांव से जुड़ा है। यहां पर रहने वाले किसान की बेटी की शादी बीएसएफ कर्मी के साथ हुई है। आरोप है कि उसका पति पिछले दस सालों से प्रताड़ित कर रहा है। जान से मारने की कोशिश की गई। एक साल पहले विवा. हता को कमरे में बंद करके आग लगा दी गई। बीएसएफ कर्मी पति अपने डिपार्टमेंट की एक लड़की से शादी करना चाहता है। पति के ड्यूटी पर जाने के बाद ससुर और बहनोई संबंध बनाने की कोशिश करते हैं। विरोध करने पर मारपीट करके घर से भगा दिया जाता है। रक्षाबंधन पर विवाहिता अपने मायके बच्चों के साथ आई थी। इसके अगले दिन ही ससुर और बहनोई व देवर घर से उठाकर ले गए। ससुराल वालों के द्वारा जान से मारने की नीयत से आग लगाने की कोशिश की गई। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में ससुराल पक्ष के छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।



अमरोहा। चेहल्लुम पर जंजीरों का मातम करते अजादार।

### चेहल्लुम पर जंजीरों का मातम कर लहुलूहान हुए अजादार

# कैद से छूटकर जब सैयदे सज्जाद आए...

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** इमाम हुसैन के चेहलुम पर अजादारों ने जंजीर का मातम कर खुद को लहूलुहान कर लिया। शहर के अजाखानों से गमगीन माहौल में ताबूत बरामद हुए। इस दौरान फिजा में लब्बैक या हुसैन की सदाएं सुनाई दीं। शुक्रवार सुबह सबसे पहले मोहल्ला बड़ा दरबार से ताबूत बरामद हुआ। जुलूस ने अपने तयशुदा रास्तों से होकर गुजरा। जुलूस में मातमी अंजुमन नौहा पढ़ती हुई चल रही थीं। सुबह आठ बजे बड़ा इमामबाड़ा दानिशमंदान से निकला ताजियों का जुलूस रेलवे लाइन पार सुबोध नगर स्थित कर्बला पहुंचा। वहीं, मोहल्ला मंडी चौब स्थित सिब्तैन मंजिल से ताजिए का जुलूस निकला जो दरबार-ए-कलां होता हुआ पहले मोहल्ला छेवड़ा पहुंचा और फिर छेवड़े के ताजिए के साथ कटरा गुलाम अली से गुजर रहे मुख्य जुलूस में शामिल हो गया। सुबह 11 बजे अजाखाना बगला से चेहलुम का मुख्य जुलूस बरामद हुआ। यह जुलूस अपने तयशुदा रास्तों से गुजरते हुए बिजनौर रोड स्थित कर्बला में संपन्न हुआ। यहां मरसिया पढ़ा गया। जुलूस में कुल 30 ताजिए शामिल थे। अंजुमन अब्बासिया ने बाजार गुजरी और नौबतखाना में जंजीर का मातम किया। गमे हुसैन में अजादारों ने खुद को लहूलुहान कर लिया। फिजा में या हुसैन या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। जुलूस में सिब्ते सज्जाद और हसन इमाम ने छुन्नू लाल दिलगीर का मशहूर मरसिया...कैद से छूटकर जब सैय्यदे सज्जाद आए...पढ़ा। इनके अलावा मुदस्सिर अली खां, आसिफ निसार, अफजाल हैदर, मोहम्मद शुजा, अदनान हैदर, मोहम्मद हैदर, तबारक अली आदि ने जुलूस में मर्सिया पढ़ा। जुलूस अंजुमन तहफ्फुज-ए-अजादारी के तत्वावधान में निकला, जिसका संच. ालन अंजुमन रजाकारान-ए-हुसैनी ने किया। डीएम स्तर से गठित कमेटी में शामिल जिया एजाज नकवी, लियाकत अली, बाकर रजा नकवी, नदीम नकवी, शहजाद रजा, कासिम जैदी की निगरानी रही। अंजुमन के काईद गुलाम सज्जाद, इमदाद आबिदी, जनरल सेकेट्री खुर्शीद हैदर जैदी, डा.चंदन नकवी, वसीम जैदी, शाने मेहदी, मोहम्मद हैदर, सिराज गालिब, हुसैनी, कमर रजा व सलीम आदि मौजूद रहे।

**नगर में तीस ताजियों के साथ निकला जुलूस**

## शिक्षक की पत्नी को बीमा कम्पनी ने नहीं दिया क्लेम

### नौ प्रतिशत ब्याज से भुगतान करने का आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शिक्षक की पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने के बाद बीमा कंपनी ने क्लेम देने से इनकार कर दिया। कंपनी के अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई। मामले में उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी को क्लेम की धनरा. शि 4.88 लाख रुपये को नौ प्रतिशत ब्याज सहित अदा करने के निर्देश दिए हैं।

सैदनगली में शिक्षक सचिन कुमार का परिवार रहता है। 24 जनवरी 2011 को उन्होंने हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से स्वास्थ्य पॉलिसी ली थी। यह पॉलिसी लगातार चल रही है। शिक्षक सचिन कुमार ने पॉलिसी को 15 दिसंबर 2019 से 14 दिसंबर 2021 के लिए पोर्ट करा लिया था। 10 लाख रुपये की यह पॉलिसी चार सदस्यों के लिए थी। जिसकी प्रीमियम धनराशि 43230 रुपये भुगतान की गई थी। इस बीच शिक्षक सचिन कुमार की पत्नी वर्तिका सड़क हादसे में घायल हो गई थीं। वह छह महीने कोमा में रहीं। जिनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कमजोरी के चलते 23 फरवरी 2022 को वह बाथरूम में गिर गईं और उनके सिर व शरीर के कई हिस्सों में चोट आईं। इस दौरान वह मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती रहीं। कैशलेस सुविधा के अंतर्गत बीमा कंपनी को क्लेम भुगतान करना था। इस दौरान इलाज में 548735 रुपये खर्च हुए। लिहाजा सचिन कुमार ने क्लेम भुगतान के लिए बीमा कंपनी को आवेदन किया। कई बार बीमा कंपनी ने प्रपत्रों की जांच कराकर औपचारिकताएं पूरी कीं लेकिन 27 सितंबर 2022 को क्लेम देने से इनकार कर दिया। जबकि सचिन कुमार गुप्ता की पॉलिसी दो साल के लिए वैध थी। इस दौरान सचिन कुमार गुप्ता ने कंपनी को नोटिस भेजा तो उसका कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिसके चलते सचिन कुमार गुप्ता ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर आयोग के अध्यक्ष रमाशंकर सिंह और महिला सदस्य अंजू रानी दीक्षित ने बीमा कंपनी को तलब कर लिया। इस दौरान आयोग ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को सेवा में कमी का दोषी पाया। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि बीमा क्लेम की कुल धनराशि 488735 रुपये वाद दायर करने की तिथि से भुगतान की तिथि तक नौ प्रतिशत ब्याज के साथ चुकानी होगी।

## चालक से मारपीट के बाद महिला ने पलटा टैम्पो

### पुलिस ने टैम्पो किया जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महिला यात्री व टेंपो चालक के बीच मारपीट होने के बाद महिला ने टेंपो पलट दिया। टेंपो चालक फरार हो गया। महिला की सूचना पर पुलिस ने टेंपो को जब्त कर लिया।

शुक्रवार को किरन नाम की महिला नगर के संभल बस स्टैंड पर अपने गांव दुल्हीपुर अहीर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। महिला का आरोप है कि जब उन्हें एक टेंपो चालक से चलने के लिए कहा तो चालक गुस्से में आ गया। और उसने बदतमीजी करते हुए उसके साथ मारपीट भी की। जिस पर महिला द्वारा उसका टेंपो सड़क पर पलट दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया,इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर टेंपो चालक मौके से फरार हो गया।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और टेंपो को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आई। वहीं पीड़ित महिला द्वारा टेंपो चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है,वहीं पुलिस तहरीर लेकर जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

## जिक्रे हुसैन कर इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

### चेहल्लुम पर नगर में निकला जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** कर्बला के शहीदों के चेहलुम पर बस्ती की फिजा गमगीन रही। अजादारों ने मातम कर अजीम शहादत को याद किया। रातभर चली शब्बेदारी में या हुसैन-या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। घरों में नजर-ओ-नियाज का सिलसिला जारी रहा।

शुक्रवार सुबह में इमामबाड़ा नूरियों से पहला जुलूस अंजुमन-ए-हैदरी के संयोजन में बरामद हुआ जो दौलत शहीद, मजहर-ए-कर्बला, हुसैनी चौक से गुजरते हुए कर्बला पहुंचकर संपन्न हुआ। इसके बाद इमाम बारगाह दौलत शहीद से अंजुमन-ए-सोगवारे हुसैनी के संयोजन में दूसरा जुलूस बरामद हुआ। जो तयशुदा रास्तों पर गश्त करते हुए कर इमाम बारगाह दौलत शहीद पहुंचा। बाद नमाज-ए-अस्र मोहल्ला कटकुई स्थित इमाम बारगाह सैय्यद हसनैन में मौलाना अली शब्बर ने मजलिस को खिताब किया। कर्बला की तारीख बताते हुए इमाम हुसैन की कुर्बानियों पर रौशनी डाली। कर्बला के शहीदों की जिंदगी पर चलने का पैगाम दिया। इसके बाद अंजुमन-ए-यादगारे हुसैनी व अंजुमन-ए आब्दिया ने अपना-अपना मातमी जुलूस बरामद किया। देर शाम एक जुलूस इमाम बारगाह सैय्यद हसनैन कटकुई पहुंचकर संपन्न हुआ। वहीं, गमगीन माहौल में देर रात अंजुमन-ए-आब्दिया का जुलूस अठ्ठारह बनी हाशिम मोहल्ला शाह फरीद स्थित इमाम बारगाह हजरत अली से बरामद हुआ। इस दौरान मौलाना मसरुर अब्बास, शजर अब्बास, वक्कार हैदर, अली इमाम, अली रजा, मास्टर अली हैदर, नूर अब्बास राना आदि मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार की निगरानी में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। वहीं, चेहलुम के सिलसिले में बस्ती में घर-घर नजर-ओ-नियाज का सिल. सिला चलता रहा। जिक्र-ए-हुसैन कर लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया।


अलीगढ़ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर, रामपुर
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
डा. आरिफ रसूल M.B.B.S/M.S.


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
वसी सैफी
जिलाध्यक्ष (रामपुर)
राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ
निवासी सैफनी शाहबाद (रामपुर)


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
मुस्तेजार अली
रोजगार सेवक
ग्राम पंचायत चकफेरी, विकास खण्ड, शाहबाद, रामपुर


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
फरीद खां
नगर अध्यक्ष टांडा (युवा)
मो० सईद
नगर उपाध्यक्ष
फिरासत अली (गामा)
नगर सचिव
मजहर अली उर्फ लाला
नगर अध्यक्ष - टाण्डा रामपुर
हसीन खां
नज़ाकत अली
मो० रफीक
वारिस चौधरी
भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) टाण्डा (रामपुर)


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
गौरव भटनागर
नगर पंचायत. सैफनी. रामपुर
टिंकू यादव
बजरंग दल


समस्त देशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
योगेश सैनी
रोहित सैनी
मण्डल अध्यक्ष, भाजपा
टाण्डा नगर


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
अमर पाल सिंह लोधी
जिलाध्यक्ष
हिन्दुस्तान पिछड़ा मोर्चा
भारत जिलाध्यक्ष रामपुर


समस्त देशवासियों एवं ग्रामवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
तारा परवीन
ग्राम प्रधान
मोनिका चौहान
सचिव
सौजन्य से:-
ग्राम पंचायत लोधीपुर नायक, विकास खण्ड-स्वार, रामपुर






समस्त क्षेत्रवासियों शिक्षकों, प्रबंधकों, भाजपा कार्यकर्ताओं,
किसान भाईयों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ.भूपेन्द्र सिंह
प्रदेश अध्यक्ष
भाजपा उ.प्र.
स. गुरेंद्र सिंह
ब्लाक प्रमुख, अमरोहा
स. हरेन्द्र सिंह ढिल्लो
जिला महामंत्री अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ
डॉ. हरि सिंह ढिल्लो
शिक्षक विधायक


समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल करीम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मिलक नोखरीद, विकास खण्ड स्वार, रामपुर




सैफनी भारत गैस एजेंसी की तरफ से सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
खालिद जमा खां उर्फ बब्बू
पूर्व प्रत्याशी विधानसभा बिलारी
सभी गैस कनेक्शन उपभोक्ताओं अपने कनेक्शन की ई-केवाईसी जरूर करवा ले, तथा अपने कनेक्शन के 5 वर्ष पूर्ण होने पर पाइप जरूर चेंज करें।
Bharatgas
डॉ. अताउर्रहमान (अलीग)
मो० : 9917056222


समस्त जनपद वासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं
डॉ. अनिकेत गंगवार
अधीक्षक
सी.एस.सी अमरिया


हर घर तिरंगा
अभियान
दिनांक - 13 से 15 अगस्त,2025 तक
डॉ. अनुकृति चौधरी
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैद नगली
अभिनव कौशिक
स्वच्छता प्रेरक
सैद नगली
सलिल भारद्वाज
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सैद नगली
डॉ.अनुकृति चौधरी
अध्यक्ष
नगर पंचायत सैद नगली
पुष्कर नाथ चौधरी
उपजिलाधिकारी
हसनपुर
गरिमा सिंह
अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)
जनपद- अमरोहा
निधि गुप्ता वत्स
जिलाधिकारी
जनपद- अमरोहा
समस्त सभासद गण
नगर पंचायत सैद नगली जनपद - अमरोहा

# पाक में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

## खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई।

शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा। पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि



■ सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया

तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डान की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकाप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए। अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। मनसेहरा में दपुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गई। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रतिबंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए। एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गई, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गई। निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।



अलास्का। एंकोरेज में संयुक्त बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में अपनी बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

## लेबनान के प्रधानमंत्री ने की हिज्जबुल्लाह की गृहयुद्ध की धमकी की निंदा

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिज्जबुल्लाह नेता नईम कासिम के समूह को निरस्त्र करने के सरकार के फैसले को लेकर गृहयुद्ध की धमकी दिए जाने की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने वीडियो पोस्ट में कहा कि कासिम के भाषण में गृहयुद्ध की छिपी हुई धमकी थी और ये धमकियां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने उन दावों को भी निराधार बताया कि लेबनानी सरकार 'एक अमेरिकी-इज़रायली परियोजना' चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारे फ़ैसले पूरी तरह से लेबनानी हैं, जो हमारी मंत्रिपरिषद के भीतर लिए गए हैं और कोई भी इन्हें हम पर थोपता नहीं है। इससे पहले कासिम ने शुक्रवार को इजरायली हमले के जवाब में कहा था कि हिज्हजबुल्ला अपने हथियार नहीं छोड़ेगा और जरुरत पड़ने पर युद्ध के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजर में भारी बारिश से 23 लोगों की मौत, 21 घायल

**नियामी।** नाइजर में मूसलाधार बारिश से इस वर्ष अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 21 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय अग्निशमन समूह के कमांडर ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल अली अब्दुल अजीज ने कहा कि बारिश के कारण 3615 घर ढह गए और 5855 परिवार विस्थापित हो गए जिससे कुल 42559 लोग प्रभावित हुए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान या उसके बाद वे जलमार्गों को पार करने, जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध करने, संभावित खतरनाक क्षेत्रों में रहने तथा अस्थाई आश्रयों में रहने से बचें।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री कल दो दिन की यात्रा पर नेपाल जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को नेपाल की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि मिस्री की दो दिन की यह यात्रा नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर हो रही है। मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा नेपाल के बीच मज़बूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में ठोस प्रगति हुई है।

### कनाडा में जंगल की आग बुझाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ओटावा।** कनाडा के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नोवा स्कोटिया में जंगल की आग से बुझाते समय एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग का हवाला देते हुए सीबीसी न्यूज ने कहा कि एनापोलिस काउंटी में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पश्चिमी रूस में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 130 घायल

**मास्को।** पश्चिमी रूस के रियाजान क्षेत्र में एक औद्योगिक कारखाने में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि मलबा हटाने के दौरान दो और लोगों के शव मिले। इस मामले में ताजा सूचना मिलने तक 11 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार इससे पहले एक व्यक्ति को मलबे से बचाया गया था जिसका पता एयर-मोबाइल समूह ग्रुप ने लगाया था।

# रूस से तेल लेने वाले देशों पर प्रतिबंध नहीं: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस ने एक बड़ा ग्राहक खोया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो फिलहाल रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहें है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि भारत के रूसी तेल व्यापार पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से रूस ने एक बड़ा तेल ग्राहक खो दिया है। चीन पर इसी तरह के टैरिफ रूस के लिए विनाशकारी होंगे। अगर मुझे ऐसा करना पड़ा, तो मैं करूंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं होगी।

दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है। ट्रम्प-पुतिन की बातचीत से



■ भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है

पहले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा था-ये टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा।

इससे पहले ट्रम्प ने भी 13 अगस्त को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बातचीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरुआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रम्प ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। एकरिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

## यूरोपीय संघ के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया: डोनाल्ड टस्क

**ब्रुसेल्स।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने शनिवार को कहा कि यूरोपीय संघ(ईयू) के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत पर विस्तृत जानकारी दिए जाने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया है। टस्क ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से दी गई जानकारी और अलास्का बैठक के परिणामों का मूल्यांकन करने वाले यूरोपीय नेताओं के बीच बातचीत समाप्त हो गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ हमने ज़ेलेंस्की की राय सुनी और एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया। पुतिन और ट्रम्प शुक्रवार को अलास्का के एंकोरेज में मिले। दोनों नेताओं के बीच बातचीत तीन-पर-तीन प्रारूप में हुई और दो घंटे 45 मिनट तक चली।

# गुटेरेस पुतिन-ट्रम्प बैठक के सकारात्मक नतीजों के प्रति आशान्वित

■ हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं: स्टीफन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका के अलास्का में हुए रूस-अमेरिका शिखर सम्मेलन का स्वागत किया है। यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। दुजारिक ने कहा कि हमने अलास्का में शुक्रवार को अमेरिका और रूसी संघ के राष्ट्रपतियों के बीच हुई शिखर वार्ता पर ध्यान दिया है। हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि कोई भी शांति प्रयास या समझौता संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गुटेरस ने यूक्रेन में शांति की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल पूर्ण रूप से बिना शर्त युद्धविराम का अपना आह्वान दोहराया है। प्रवक्ता के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र इस दिशा में सभी सार्थक प्रयासों का समर्थन करता है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर बैठक अलास्का के एंकोरेज स्थित एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य अड्डे पर हुई। यह वार्ता लगभग तीन घंटे तक चली। बैठक में रूसी पक्ष की ओर से रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव तथा अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भाग लिया। इस बीच दुजारिक ने कहा हम एक न्यायसंगत, स्थायी और व्यापक शांति स्थापित करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल, पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं जो यूक्रेन की संप्रभुता, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमा के अंदर यूक्रेन की स्वतंत्रता को बरकरार रखे तथा संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुरूप हो।

## ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री ने पारिवारिक वीजा रद्द करने पर अमेरिका की आलोचना की

■ इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्जेंडर पैडिल्हा ने शुक्रवार को अमेरिकी सरकार द्वारा उनकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के पर्यटक वीजा रद्द करने के निर्णय को 'कायरतापूर्ण' करार दिया और कहा कि यह उन लोगों को डराने की कोशिश है जो वाशिंगटन के सामने झुकने से इनकार करते हैं।

पैडिल्हा के अनुसार, यह कदम ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर ब्राजील द्वारा लगातार चलाए जा रहे मुकदमे के कारण लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का हिस्सा है जो तख्तापलट की कोशिश करने के आरोप में नजरबंद हैं। ग्लोबोन्यूज के साथ एक साक्षात्कार में पैडिल्हा ने कहा कि बोल्सोनारो का गुट इस कदम के पीछे है तथा उन्होंने इस सोच का मजाक उड़ाया कि 10 साल का बच्चा अमेरिका के लिए खतरा बन सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था और ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट पर बोल्सोनारो मामले को छोड़ने के लिए दबाव डाला था।

## अल्जीरिया में बस दुर्घटना में 18 की मौत

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व में ईएल हर्राच क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पुल से नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ घायल हो गए हैं। अल्जीरिया की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस दुर्घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शाम लगभग 5:45 बजे हुई। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है जबकि मृतकों के शवों को शवगृह में रखा गया है। एजेंसी ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 25 एम्बुलेंस, 16 गोताखोर और चार नावों को भेजकर बचाव कार्य शुरू किया।

# सीएटल के स्पेस नीडल पर पहली बार तिरंगा फहराया

## वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सीएटल शहर में उस समय एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है।


इस ऐतिहासिक क्षण में सीएटल के मेयर ब्रूस हेरेल, भारत के महावाणिज्य दूत और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया उन्होंने अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम में एक तकनीकी केंद्र के रूप में सीएटल को स्थापित करने में भारतीय अमेरिकी प्रवासियों के योगदान की सराहना की। भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा अलग से एक सामुदायिक स्वागत समारोह का आयोजन सुंदर केरी पार्क में किया गया, जहां से सीएटल के क्षितिज का व्यापक दृश्य दिखाई दे रहा था तथा पृष्ठभूमि में स्पेस नीडल के शीर्ष पर भारत का तिरंगा ध्वज लहरा रहा था, जहां बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य इस ऐतिहासिक दृश्य देखने के लिए उपस्थित थे। केरी पार्क स्वागत समारोह में कई अमेरिकी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए जिनमें अमेरिकी कांग्रेस सदस्य एडम स्मिथ, वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश माननीय डेबरा एल- स्टीफंस, सिएटल पोर्ट कमिश्नर सैम चो और सीएटल पार्क एवं मनोरंजन के अधीक्षक/निदेशक एपी डियाज़ शामिल हैं। स्मिथ ने ऐतिहासिक समारोह का स्वागत किया और कहा कि स्पेस नीडल के ऊपर फहराया गया भारतीय तिरंगा इस क्षेत्र की विविधता और भारत तथा प्रशांत उत्तर-पश्चिम के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, भारतीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति और प्रसिद्ध कलाकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा द्वारा काव्य पाठ शामिल रहा। सीएटल, स्पोकेन, टैकोमा और बेलेव्यू सहित किंग काउंटी ने 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया। ल्यूमेन स्टेडियम, टी-मोबाइल स्टेडियम, वेस्टिन, सीएटल ग्रेट व्हील और स्पेस नीडल सहित कई प्रतिष्ठित इमारतें तिरंगे के रंगों में रोशन हुईं। टैकोमा डोम, टैकोमा सिटी हॉल और टैकोमा पुलिस व अग्निशमन विभाग के मुख्यालयों पर भी तिरंगा फहराया गया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में सीएटल में भारत के छठे वाणिज्य दूतावास के खुलने के बाद से भारत और इस क्षेत्र के बीच संबंध और गहरे हुए हैं।

# द.कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बातचीत: जयशंकर

## दोनों देशों में हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ अपनी वार्ता को सार्थक बताते हुए कहा है कि इससे द्विपक्षीय सहयोग मजबूत बनेंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर हैं और उन्होंने शनिवार को यहां डॉ. जयशंकर के साथ वार्ता की।

दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि कोरियाई विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत सार्थक रही। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर प्रसन्नता हुई। व्यापार, विनिर्माण, समुद्री क्षेत्र और लोगों के बीच आदान-प्रदान के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में नए अवसरों पर हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने विशेष



■ हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की

रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की। वार्ता शुरू होने से पहले डा. जयशंकर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा इन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है। विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है। डा. जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए का कहा कि यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हो रही है-यह हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है, और मुझे कनाडा के कनानसकिस में आपके राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैसे यह एक बहुत ही अच्छी मुलाकात थी और मैं आपको बताना चाहूंगा कि उनके बीच बहुत गहरा रिश्ता था।

# दक्षिण कोरिया में सैनिकों की संख्या में छह वर्षों में आई 20 प्रतिशत की कमी

## जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा, तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सेना में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की कमी आने से कुल संख्या 450000 रह गई है, जिसका मुख्य कारण विश्व में सबसे कम जन्म दर वाले देश में अनिवार्य सेवा के लिए भर्ती होने की आयु वाले पुरुषों की जनसंख्या में भारी गिरावट और पुरुषों का सेना के प्रति रूझान में कमी आना है।

दक्षिण कोरिया की जन्म दर पिछले एक दशक में काफी गिरी है जिससे क्षेत्रीय खतरों और वैश्विक संघर्षों के बीच सेना के लिए परेशानी पैदा हो गई हैं। सीएनएन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इस बीच रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में इस गिरावट के लिए 'जटिल कारकों' को ज़िम्मेदार ठहराया गया है जिनमें जनसंख्या में गिरावट और सेना में 'सैनिकों जैसा कठोर व्यवहार' होने के कारण पुरूषों में सैन्य अधिकारी बनने की इच्छा में आई कमी भी शामिल है। हालांकि रिपोर्ट में इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2019 के 563000 की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक सैनिकों की कुल संख्या 450000 रह गई है। पिछले सप्ताह सांसद चू मी-ए द्वारा साझा की गई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि अगर स्थाई सेना (सदस्यों) की संख्या में गिरावट जारी रही तो उच्च-स्तरीय जनशक्ति हासिल करना और परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है यह खबर पश्चिमी देशों के प्रमुख सहयोगी दक्षिण कोरिया के लिए उस बुरे समय में आई है जबकि उसके यहां बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और उसकी अमेरिका के साथ पारस्परिक रक्षा संधि भी है।

# स्वतंत्रता दिवस व श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रस्तुतिः चेतन रामकिशन 'देव' गजरौला (अमरोहा)









































